शोध सार संक्षेपिका

राज्य स्तरीय शोध संगोष्ठी

(24 – 25 सितम्बर 2013)

"आरंग परिक्षेत्र का इतिहास एवं पुरातत्व"

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व

छत्तीसगढ़, रायपुर

टेली फैक्स: 0771-2234731, फोन: 0771-2537404, ई-मेल: deptt_culture@yahoo.co.in, deptt.culture@gmail.com,

वेब साइट: www.cgculture.in

CHHATTISGARH AT A GLANCE

Chhattisgarh is a new state which came into existence on 1st November, 2000 by bifurcating the state of Madhya Pradesh. At the time of formation of the state it had twelve districts but later on four new districts were created and now this state has sixteen districts. Geographically, Chhattisgarh is situated in the heart of India. The state is situated in the northern latitude in between 17°46' to 24°5' and eastern longitude between 80°15' to 84°20'. The total area of the state is 1,35,133 sq. km. The state is surrounded by Jharkhand and Orissa States on the eastern side, Uttar Pradesh on the northern side, Madhya Pradesh and Maharashtra States on the western side and Andhra Pradesh on the southern side.

The main rivers of the state are Mahanadi, Godavari, Narmada, Indravati, Rihand and their tributaries. The total irrigation potential of these rivers has not been exploited yet. The state has got rich rain forests. The total forest cover of the state is above 46%. The climate of the state is good and average rainfall is 40" to 60". The land is fertile and the state is surplus in the production of food grains. Pulses and oilseeds are also grown in large areas.

The tribal population in Chhattisgarh is above 32% and the scheduled cast population is about 17%. The combined ST, SC population is about 50% of the total population of the State. The languages spoken in the state are Hindi, Chhattisgarhi, Gondi, Lariya, Sargujia, Halbi, Bhatari, Dorli, Abhujhmari. Some other languages such as the languages of Baigas, Hill Korvas and Kamars are dying fast. Even the Gonds of the plains are losing their language fast and adopting Chhattisgarhi language. Chhattisgarhi is widely spoken in the plains of the state and spreading towards Kanker district in south and Raigarh and Sarguja in the northeast.

Chhattisgarh is very rich in its biodiversity. Hundreds of species of trees are found in the rain forests. About two hundred herbal plants of great medicinal value are found in the state. More than twenty thousand varieties of paddy have already been collected by the Agriculture University of the State at Raipur.

The state has got a rich cultural heritage, which starts from prehistoric period. The cave paintings of Singhanpur and Kabra Pahad, which are situated in Raigarh district are one of the oldest cave paintings in India. This whole range is very large and continues up to Bel Pahad in Orissa. Some painted rock shelters have been found in Kanker district near Charama. Prehistoric megalithic sites have been located at several places. Karkabhat in Durg district is a vast megalithic site spread in a few sq. kilometrs. Most of the megaliths have been broken and devastated by the road contractors to use the stone for roadwork and for building purposes. Several megalithic sites also exist in Bastar. The site at Golawand is about three thousand years old and the stone age death rites are practiced in this village even now. Stone age death rites are practiced in several parts of Bastar in Dandami Maria, Maria and Abujh Maria areas in the same manner and at the same ancient cremation or burial grounds.

Chhattisgarh has many archacological sites of great historical importance. The archaeological history of this region starts from the early Gupta period. The vast sites of Malhar in Bilaspur district, Dippadiha in Surguja, Sirpur (Shreepur) in Raipur and Barsur in Dantewada (Old Bastar district) are very rich. The temples of Rajim, Narayanpur, Arang, Tumman, Shivarinarayn, Janjgir, Pali, Ratanpur, Devbaloda, Gandai, Bharamdeo, Narayanpal, Tala, Garh Dhanora are other important archaeological sites. The old temples at these sites and their sculptures are of great artistic value in the history of art.

Punch mark coins have been found from Tarapur, Udela and Arang. Coins of Mouriyan period, Satvahan, Kushan, Gupta kings and local dynasties-Sharabhpuria, Nal, Pandu, Kalchury have also been found at several places.

Metal working was practiced and beautiful bronzes were found from Sirpur site. The total number of Sirpur bronzes are about one hundred which are all related to Budhism. These bronzes were cast in the sixth or seventh century A.D. One very artistic sculpture of Tara is housed in Los Angeles Museum in United State of America. Eleven sculptures of this lot are still in Mahant Ghasidas Museum at Raipur.

Bronze sculptures of tenth eleventh century were also found from Salkhan in Bilaspur district and Phuisera in Raipur district.

Iron working was also prevalent in this region. Agaria tribe was mining iron ore, smelting it and making iron tools and agricultural equipments. Agarias are still practicing the same old method of making iron from ore and making utility articles by wrought iron method.

There are several brick temples in Chhattisgarh. The Laxman temple is a huge brick building at Sirpur which is still in good shape. Terracotta artifacts are found at several archaeological sites. The terracotta toys, seals and animal figurines are some of the objects, which are found at these sites. These terracotta artifacts are as old as the other archaeological objects, which are found at these sites. Children's toys including kitchenware, wheeled animal figurines, Nandi bull etc. are still in vogue in the present times. The same old tradition still continues. Sculptures of mother goddesses of terracotta were also found in Malhar site.

आर.सी.सिन्हा (आई.ए.एस.)
सचिव एवं आयुक्त
संस्कृति एवं पुरातत्व

प्रस्तावना

दक्षिण कोसल के पुरातत्व एवं प्राचीन इतिहास से परिचित कराने वाले पुरास्थलों में आरंग एक उल्लेखनीय स्थल है। आरंग के इतिहास की जानकारी सिक्के, अभिलेख, ताम्रपत्र एवं स्मारक-अवशेषों के माध्यम से होती है। आरंग से संबंधित किंवदन्ती मूलक इतिहास इस स्थल को महाभारत काल से जोड़ता है। स्थानीय मान्यता है कि राजा मोरध्वज ने छद्मवेश में आए कृष्ण-अर्जुन के समक्ष एक भूखे बाघ की क्षुधा शांत करने के लिए अपने पुत्र को आरा से चीरकर उसके आधे अंग को भिक्षा के रूप में समर्पित कर दिये थे। परंपरानुसार अभी भी आरंग में आरा का उपयोग नहीं होता है।

छठवीं सदी ईसवी में आरंग महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक केन्द्र था। महाशिवगुप्त बालार्जुन के एक ताम्रपत्र में आरंग का प्राचीन नाम "अर्य्यंग" उत्कीर्णित है। महानदी के तट पर स्थित प्राचीन स्थल, राजिम एवं सिरपुर के मध्य आरंग समकालीन महत्वपूर्ण सांस्कृतिक स्थल रहा है। यहां के दर्शनीय स्थलों में भांड देउल ऐतिहासिक देवालय है जो जैन धर्म से संबंधित है।

आरंग में लगभग 6वीं-7वीं सदी ईसवी के भग्नावशेष, प्राकार तथा परिखायुक्तगढ़ शिवलिंग, विष्णु प्रतिमा, नदी देवी आदि मढ़िया में रखे हुये मिलते हैं। यहाँ जैन तीर्थंकरों की प्रतिमाएँ भी ज्ञात है। आरंग का भांड देउल छत्तीसगढ़ में भूमिज शैली का सुंदर प्रतिनिधि स्मारक है। पुरावशेषों के माध्यम से आरंग की पहचान एक महत्वपूर्ण प्राचीन सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में प्रमाणित होती है। आरंग महत्वपूर्ण पुरातत्वीय पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध है।

विभाग द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इस संगोष्ठी के माध्यम से आरंग परिक्षेत्र के इतिहास एवं पुरातत्व पर नवीन प्रकाश पड़ेगा जिससे क्षेत्रीय इतिहास और समृद्ध होगा।



संदेश

प्राचीन काल में दक्षिण कोसल के नाम से विख्यात वर्तमान छत्तीसगढ़ पुरातत्वीय एवं ऐतिहासिक सम्पदा से समृद्ध प्रदेश है। रामगढ़, मल्हार, ताला, सिरपुर, राजिम, आरंग, पलारी, भोरमदेव रतनपुर, डीपाडीह, महेशपुर, जांजगीर आदि पुरास्थलों में विद्यमान पुरासम्पदा, पुराविदों एवं दर्शकों का सदैव से आकर्षित करते रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के विद्यमान स्मारकों में आरंग स्थित भाण्ड देउल स्थापत्य कला की विशिष्टताओं के साथ-साथ मूर्तिकला की विलक्षणताओं से परिपूर्ण है। भाण्ड देउल लगभग, 11वीं.-12वीं सदी ईस्वी का जैन मंदिर है। छत्तीसगढ़ में विद्यमान भूमिज शैली का यह महत्वपूर्ण स्मारक है।

आरंग की प्राचीनता के परिचायक पुरावशेषों में यहाँ लगभग 6वीं-7वीं सदी ईस्वी निर्मित प्राकार तथा परिखायुक्त गढ़ के अतिरिक्त अनेक भग्न प्रतिमाएँ भी महत्वपूर्ण हैं जिनमें शैव, वैष्णव एवं जैन धर्म से संबंधित अवशेष सम्मिलित हैं। आरंग में पंचेश्वर महादेव नामक स्थल पर अनेक शिवलिंग रखे हुए हैं जिनमें एक विशाल धारालिंग विशेष रूप से दर्शनीय है। महामाई मंदिर, बाघ देउल, पंचेश्वर महादेव, भाण्ड देउल, प्राचीन सरोवर आदि अन्य दर्शनीय स्थल हैं। आरंग से राजर्षितुल्य कुल, शरभपुरीय एवं रायपुर के कल्चुरियों के काल के ताम्रपत्र मिले हैं जो इस स्थल के धार्मिक, प्रशासकीय एवं वाणिज्यिक महत्व के परिचायक हैं। आरंग सर्व धर्म सामंजस्य के रूप में प्राचीनकाल से पल्लवित-पुष्पित होता रहा है जो दक्षिण कोसल की विशेषता रही है।

जैन धर्म से संबंधित भाण्ड देउल आरंग के पर्यटन महत्व का एक विशिष्ट आकर्षण है। महाभारत काल की किंवदंती से जुड़ा आरंग, ऐतिहासिक काल के अवशेषों से जितना आलोकित है उससे भी अधिक पुरासम्पदा इसके गर्भ में समाहित हैं। इस संगोष्ठी के माध्यम से आरंग के प्राचीन इतिहास के विस्मृत पक्ष अधिकाधिक मुखरित होंगे जिससे छत्तीसगढ़ के इतिहास पर नवीन प्रकाश पड़ेगा।

ACKNOWLEDGEMENTS

I am indebted to Shri R.C. Sinha (Secretary & Commissioner) for encouragement and active co-operation without which it would not have been possible to organize the seminar as successfully as we could.

To make the Conference/Seminar a successful academic exercise several members of the M.G.M. Museum worked overtime and provided the much needed help and support in this venture. I am particularly thankful to Shri Rahul Kumar Singh (Deputy Director), Dr. K.P. Verma (Chief Chemist), Shri J.R. Bhagat (Deputy Director), Shri S.S.C. Kerketta (Deputy Director), Shri Ashok Tiwari (Deputy Director), Shri T.R.Ramteke (Executive Engineer) who worked hard to make the conference and seminar a grand success and organised the cultural programmes. I am also thankful to S/Shri S.B. Satpal (Deputy Director), Shri C.R. Sahani (Deputy Director, Finance), Dr. Vrishotam Sahu (Excavation Assistant), Shri Prabhat Singh, Shri Atula Kumar Pradhan, Devendra Thakur (Data Entry Operator), Smt. SeemaRani Tiwari (Technical Assistant) and Shri Tapash Kumar Basak for composing/designing and other members of the museum and seminar secretariat for their untiring and manifold help in making the seminar a memorable one.

Place: Arang, Raipur
Date: 24.09.2013

(Dr. Shivakant Bajpai)
Acedemic Secretary

ABSTRACT OF THE RESEARCH PAPERS

Bhandadevala Temple, Arang, Distt. Raipur

CONTENTS

S.No	Abstract Title	Name Of Author's
1.	उद्घाटन वक्तव्य	प्रो.ए.एल.श्रीवास्तव
2.	माण्ड देवल, आरंग में व्यालांकन	आशुतोष चौरे
3.	आरंग का ऐतिहासिक महत्व	डॉ. सुशील त्रिवेदी
4.	मंदिरों का नगर आरंग : एक अध्ययन	अजय कुमार चतुर्वेदी
5.	A Survey of the Archaeological Remains of Ārang Region (With special reference to the Reewā and Gullu villages)	Prabhat Kumar Singh and Praveen Tirkey
6.	आरंग के प्रमुख राजवंश एवं उनके दान का अभिलेखीय अध्ययन	प्रिया दीवान
7.	आरंग से प्राप्त अभिलेखों का ऐतिहासिक अनुकम	डॉ. दिनेश नंदिनी परिहार
8.	Archaeological Sites of Nuapada District, Odisha	Jitendra Kumar Nag
9.	छत्तीसगढ़ का क्षेत्रीय इतिहास लेखन (पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक दृष्टि के संदर्भ में)	डॉ.चौलेश्वर चंद्राकर
10.	New Light on Excavation at Tarighat, Dist. Durg, Chhattisgarh	J.R.Bhagat
11.	आरंग परिक्षेत्र का पुरातत्वीय सर्वेक्षण एवं पुरावशेषों का अध्ययन।	डॉ.के.पी.वर्मा
12.	Archaeological Vestiges of Arang region	Dr. S.K. Bajpai and Atula Kumar Pradhan
13.	आरंग से प्राप्त मूर्ति शिल्प का कलात्मक महत्व और उसकी विशेषताएँ	डॉ. मोना जैन
14.	आरंग क्षेत्र का इतिहास एवं पुरतत्व	डॉ.वृषोत्तम साहू
15.	The Arang Stone Inscription	Prof. P.L. Mishra
16.	आरंग–इतिहास एवं पुरातत्व की सातत्यता के सन्दर्भ में	डॉ.शिवाकान्त बाजपेयी एवं अतुल कुमार प्रधान
17.	आरंग का इतिहास एवं पुरातत्व	श्रीमती सीमारानी तिवारी
18.	पौराणिक एवं ऐतिहासिक नगर आरंग	ललित शर्मा

APPENDIX

01. Photographs of recent excavations conducted by the Directorate of Culture & Archaeology, Raipur
02. List of State Protected Monuments, Chhattisgarh
03. List of Temples under the Jurisdiction of Raipur Circle, Raipur
04. List of Forts under Jurisdiction of Raipur Circle, Raipur

उद्घाटन वक्तव्य

—प्रो. ए. एल. श्रीवास्तव

वर्णानां अर्थसंधानां रसानां छन्दसामपि।
मंगलानां च कर्तारौ वन्दे वाणीविनायकौ।।

सभादरणीय अध्यक्ष महोदय, मंचायनी एवं सभागार में उपस्थित सभी विज्ञ-सुधीजन।

एक समय था जब छत्तीसगढ़ का परिचय केवल वस्तर के आदिवासी अंचल से समझा जाता था। मैं भी इसका अपवाद न था। पहली 'छत्तीसगढ़ की कला' विषयक संगोष्ठी के अवसर पर 1990 ई. में मैंने रायपुर, ताला और बिलासपुर देखे। ताला की रूद्रशिव प्रतिमा को साक्षात् देखने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ। देवरानी-जेठानी मंदिरों की विशाल आकार की मूर्ति ने इतप्रभ किया। सेवा-निवृत्त होने के बाद 1996 ई. से मैं जब भिलाई में वरावर रहने लगा तव छत्तीसगढ़ की वहुरंगी छटा से यत्किंचित परिचित हो सका। इधर छत्तीसगढ शासन के संस्कृति-पुरातत्व विभाग के तत्वावान में आयोजित शोध-संगोष्ठियों में सम्मिलित होने का अवसर पाकर अधिक नहीं पर इतना अवश्य जान सका हूँ कि छत्तीसगढ़ एक सुल्य प्रदेश है। हरीतिका-समेटे पर्वत-श्रृंखलाएँ हैं, समूचे प्रदेश में पयस्विनी नदियां हैं, कल-कल करते झरने, वातावरण को गुंजायमान करते जल-प्रपात हैं, हरे-भरे वनांचल हैं जो अपनी वनोपज तथा खनिज-सम्पदा से सम्पन्न हैं, वन्य जीवनों से युक्त अभयारण्य हैं, उत्तर से लेकर दक्षिण तक के भू-भाग में विभिन्न धर्मों के देवी-देवताओं की प्रतिमाओं से सजीव मन्दिर हैं, आदि संस्कृति से लेकर अधुनातन संस्कृति के लोकप्रिय मनोरंजक नृत्य-संगीत, पर्वोत्सव आदि से छत्तीसगढ़ अनुगूंजित है। दक्षिण कोसल कहलाने वाला यह प्रदेश विभिन्न धर्म, कला और संस्कृति के अनेक नगरीय केन्द्रों का बहुरंगी पुष्पगुच्छ सा है। इसी का एक मनमोहक केन्द्र आरंग जो शताब्दियों से चिन्तकों, विचारकों तथा साधु-संतों का आश्रय-स्थल रहा है। पहली बार आरंग आने की प्रसन्नता।

आरंग नाम पौराणिक कथा के आधार पर हैह्य राजा मोरध्वज द्वारा श्रीकृष्ण के वाहन सिंह की क्षुधा मिटाने के लिए आरे से अपने पुत्र ताम्रध्वज के अंग को दो भागों में काटने से जुड़ा बताया जाता है-आर+अंग=आरंग। इस कथा पर विश्वास करने का कारण यह है कि तब से लेकर आज तक आरंग ही नहीं, समूचे छत्तीसगढ़ में आरे का प्रयोग नहीं किया जाता है, पूर्व प्रकाशनों से उपलब्ध जानकारियों के अनुसार आरंग में कई मन्दिर हैं और अनेक मूर्तियाँ भी मिली हैं जो इस नगर के धार्मिक जीवन एवं पुरा-वैभव पर प्रकार डालती हैं। भाण्डदेवल, बाघेश्वर मंदिर, चण्डी मंदिर, महामाया मंदिर, हनुमान मंदिर आदि अब भी जागृत हैं जिनके गर्भगृह में एवं बाह्य भित्तियों पर अनेक देवी-देवताओं की मूर्तियां जड़ी है अथवा उत्कीर्ण हैं।

ऊँची जगती पर बना पश्चिमाभिमुखी भाण्डदेवल सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और वस्तुतः आरंग नगर की प्रतिमा है। 11वीं शती ईस्वी के ताराकृति शैली में बने इस जैन मंदिर के गर्भगृह में 6 फीट ऊँची पीठिका पर ओपदार पालिश-युक्त काले पत्थर की तीन स्थानक तीर्थंकर प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हैं-श्रेयांशनाथ, शान्तिनाथ एवं अनन्तनाथ।

'भाण्डदेवल' नाम के देवल शब्द का अर्थ तो 'मन्दिर' या देवालय है और भाण्ड का अर्थ 'बर्तन' होता है। संभवतः ताराकृति शैली में वना यह मंदिर भाण्ड यानी वर्तन जैसा दिखने के कारण भाण्डदेवल कहलाया। सुप्रसिद्ध वास्तु-विशेषज्ञ स्व. कृष्णदेव के आधार पर प्रो. लक्ष्मी शंकर निगम का विचार है कि भग्नावस्था में होने के कारण इस भाण्डदेवल कहा जाने लगा। यह नामकरण की एक और भी संभावना हो सकती है। चूंकि मंदिर की वाह्य भित्तियों पर अन्य जैन मंदिरों के समान नृत्य-संगीत मे निमग्न अप्सराओं, देवांगनाओ और श्रृंगारपरक मिथुनों के अंकन हैं। इसलिए इसे पहले भाण देवल कहा गया हो और बाद में वह भाण्डदेवल हो गया हो। गुप्तयुगीन चार भाण ग्रंथों के संग्रह चतुर्भाणी के स्मरण के आधार पर मैं यह संभावना व्यक्त कर रहा हूँ। डॉ. मोतीचन्द्र एवं डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल द्वारा सम्पादित-अनूदित इस ग्रंथ का पूरा नाम है- शूद्रकविरचित पद्प्राभृतक, ईश्वरदत्त प्रणीत धूर्तसंवाद, वररूचितकृता उभयोभिसारिका और महाकवि श्याभितकवि रचित पादताडितकम्। इन सभी ग्रंथों में उज्जयिनी की वारवनिताओं के श्रृंगारपरक जीवन का आकर्षण अंकित है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की 1873-74 ई. की रिपोर्ट में भाण्ड देवल के निर्माण के सम्वन्ध में एक रोचक जनश्रृति का उल्लेख है। आरंग और देव बालोद के राजा ने अपने दोनों नगरों में एक स्थपति से एक साथ मंदिरों का निर्माण करवाया। निर्माण का अंतिम कार्य शिखर-कलश की स्थापना का मुहूर्त दोनों मंदिरों में ज्योतिष के अनुसार एक ही दिन और एक ही समय में निकला। स्थपति का चिन्ति होना स्वाभविक था। तब उसकी बहन ने सुझाव दिया कि आरंग में स्वयं स्थपति और देवबालोद में मैं कलश-स्थापना करूँगी। ऐसी स्थिति में आरंग की स्थपति के द्वारा और देव बालोद में उसकी बहन के द्वारा कलश-स्थापना की व्यवस्था हुयी। परम्परा के अनुसार कलश-स्थापना का कार्य निर्वस्त्र होकर किया जाता है। अस्तु जब दोनों मंदिरों के शिखर पर स्थपति और उसकी बहन चढ़े तो दोनों ने एक-दूसरे को निर्वस्त्र देखकर लज्जित हुये और मंदिर-परिसर में बने सोवरों में छलांग लगाकर अपने-अपने प्राण त्याग दिये। सरोवरों में जाकर वे दोनों पाषाण की मूर्ति बन गये। जब कभी सरोवरों का पानी तल तक सूख जाता था, तब वे मूर्तियाँ दिखायी पड़ती थीं।

आरंग जैन धर्म का एक महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है। भाण्डदेवल की अतिरिक्त सभी मंदिरों में शैव, वैष्णव धर्म के देवों के साथ-साथ जैन तीर्थंकरों की मूर्तियाँ विद्यमान हैं। चण्डी मंदिर में 6 जैन तीर्थंकरों की प्रतिमाएँ भी हैं। हनुमान मंदिर की बाह्य भित्तियों पर सोमवंश कालीन ब्राह्मण प्रतिमाओं के साथ कायोत्सर्ग मुद्राओं के साथ कायोत्सर्ग मुद्रा में एक जैन तींकर भी हैं। महामाई मंदिर की चारदिवारी से लगी प्रतिमाओं में भी कायोत्सर्ग मुद्रा वाली तीर्थंकर प्रतिमाएँ हैं। बाघेश्वर मंदिर आज यद्यपि शैल मंदिर है पर उसमें भी जैन चिह्न विद्यमान हैं। आरंगमें परदर्शी स्फटिकक प्रस्तर की तीन पद्मासनस्थ तीर्थंकर प्रतिमाएँ मिली थी जो संप्रति रायपुर क दिगम्बर जैन मंदिरों में हैं।

आशा है, संगोष्ठी में पधारे विद्वान, शोधकर्ता एवं सुधीजन इन दो दिनों के सत्संग मं आरंग के इतिहास, संस्कृति, धर्म एवं कला-सम्बन्धी चिन्तन-मनन एवं नई जानकारियों के आलोक में अपने विचार प्रकट करेंगे जिससे निःसंदेह आरंग के पुरा-वैभव की छवि और अधिक उजागर होगी।

अपने वक्तव्य का समापन मैं जैन धर्म और कला में रूचि रखने वाले सुधी जनों को मल्लिनाथ तीर्थंकर सम्बन्धी एक जानकारी देकर करना चाहता हूँ। श्वेताम्बर संप्रदाय में मल्लिनाथ को एक नारी तीर्थंकर की मान्यता मिली है। अब तक नारी मल्लिनाथ की 6 प्रतिमानों कीमूर्तियों का संज्ञान मुझे मिल चुका है। इनमें दो उत्तर प्रदेश, दो मध्य प्रदेश, एक राजस्थान और एक विहार में हैं। इनके विवरण सन्दर्भ और चित्र-प्रदर्शन संगोष्ठी के मध्य प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

अंत में छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति-पुरातत्व विभाग के सभी पदाधिकारियों विशेष संगोष्ठी के संचालक डॉ.शिवाकान्त बाजपेयी के प्रति मैं अपना आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने मुझे इस अवसर पर शोध-संगोष्ठी के उद्घाटन-सत्र में विषय-प्रतिपादन करने का अवसर प्रदान किया और इसके व्याज से धर्म एवं कला की नगरी आरंग के पुरावशेषों के अविलोकन का सुयोग संभव वनाया। किमधिकम् शुभमस्तु।

स्थानः- **आरंग, जिला रायपुर**
दिनांकः- 24 सितम्बर 2013

(डॉ. ए.एल.श्रीवास्तव)
पूर्व एशोसिएट प्रोफेसर,
सी.एम.पी. कालेज
इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
इलाहाबाद (उ.प्र.)

आरंग का ऐतिहासिक महत्व

-डॉ. सुशील त्रिवेदी

आरंग छत्तीसगढ़ का एक प्राचीन नगर है। इस नगर के साथ महाभारत कालीन मोरध्वज के अंगदान से जुड़ी कथा का संबंध स्थापित किया गया है। इसके साथ ही इस नगर का छत्तीसगढ़ के इतिहास, कला और स्थापत्य के विकास में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हिंदू धर्म और जैन धर्म के मंदिरों और पुरावशेषों से इस नगर की केंद्रीयता का प्रमाण मिलता है। यहां से अन्य कई महत्वपूर्ण शिलालेख, ताम्रलेख भी प्राप्त हुए हैं जिनसे ये तथ्य उभरते हैं कि आरंग पौराणिक काल से लेकर कलचुरि काल तक वैभव का प्रतीक रहा। बहरहाल, इतिहास ग्रंथों में आरंग के संबंध में एक क्रमबद्ध विवरण या विश्लेषण सहजता से नहीं मिलता है।

आरंग में प्राप्त उत्कीर्ण लेखों और पुरावशेषों के साथ-साथ लोकपरंपरा में प्रचलित गाथाओं का अध्ययन कर इस नगर का एक कालक्रमानुसार विस्तृत इतिहास लेखन अपेक्षित है। इस संदर्भ में प्रस्तुत आलेख में उन बिंदुओं को रेखांकित किया गया है जिनसे आरंग के ऐतिहासिक महत्व को पुनरन्वेषित किया जाना है।

भाण्ड देवल, आरंग में व्यालांकन

-आशुतोष चौरे

प्रारम्भिक काल से ही भारतीय स्थापत्य कला में काल्पनिक जीव-जन्तुओं के अंकन की परम्परा रही है जिनमें व्याल प्रमुख है। इनका अंकन मंदिरों पर बहुतायत से मिलता है, विशेषकर खजुराहो, दक्षिण कोसल एवं उड़ीसा के मंदिरों में।

व्याल एक काल्पनिक पशु है, जिसके शरीर का निचला भाग जिसमें उसके अग्र व पश्चपाद, उदर, पूँछ, सिंह के समान रहती है, जबकि सिर किसी अन्य पशु का। इसी आधार पर उसका नामकरण होता है जैसे गजव्याल, नरव्याल, सिंह व्याल आदि। सामान्यतः व्याल की पीठ पर एक मानव सवार को दिखाया जाता है, जो व्याल पर प्रहार करता हुआ उसे वश में करने का प्रयास करता दिखाई देता है। पशु के पैरों के नीचे मानव या गज की आकृति को पददलित करते प्रदर्शित किया जाता है। व्यालों को सामान्यतः मंदिरों की जंघा भित्तियों के संधि मार्गों में अंकित किया जाता है। यह सर्वाधिक विशिष्ट एवं लोकप्रिय अभिप्राय है जो अपने में एक गूढ़ रहस्य को छिपाये है।

दक्षिण कोसल की कलचुरि तथा उत्तर कलचुरिकालीन वास्तु एवं शिल्पकला में भी व्यालों को पर्याप्त महत्व दिया गया है। विवेच्य मंदिर रायपुर जिले की आरंग तहसील में लोक परम्परा में भाण्ड देवल की संज्ञा से अभिहित किया जाता है। वस्तुतः यह एक जैन मंदिर है जिसके गर्भगृह में संरक्षित तीर्थंकर अजितनाथ, नेमिनाथ और श्रेयांशनाथ की प्रतिमाएँ कायोत्सर्ग में स्थापित है। इस मंदिर का विवरण अलेक्जेण्डर कनिंघम ने अपनी रिपोर्ट में दिया है। यह राजधानी रायपुर से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर लगभग 36 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

छत्तीसगढ़ के अन्य कलचुरिकालीन मंदिरों की भांति इसमें भी अर्धमण्डप, मण्डप, अन्तराल एवं गर्भगृह की योजना थी। निर्माण योजना में इस मंदिर का गर्भगृह ही वर्तमान में अवशिष्ट है। मंदिर एक सादे उपपीठ पर निर्मित है। मंदिर का अधिष्ठान दो भागों में विभक्त है। जंघा भाग में विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएँ उत्कीर्ण की गई है। जंघा की रथिकाओं के नीचे सल्लिान्तरों मे भी जैन धर्म के देवी देवताओं की मूर्तियाँ तथा अप्सरा मूर्तियाँ अंकित की गई है। इसके साथ ही इनमें मिथुन युगलों, व्याल, अप्सराओं तथा विभिन्न सामाजिक जीवन से सम्बन्धित चित्रण किये गये है। मंदिर का शिखर सप्तरथ निर्माण योजना में निर्मित है। इस मंदिर का शिखर एवं निर्माण शैली मालवा की भूमिज शैली से साम्यता रखती है।

<u>गज व्याल</u> - मंदिर के दक्षिण-दिशा के भद्ररथ के सलिलान्तर में एक गज व्याल का अंकन मिलता है। जिसका आकार 60X26X10 से.मी. है। गजव्याल दाहिनी ओर गतिशील है तथा पिछले दाहिने पैर पर खड़े होकर पिछले बायें पैर से एक मानवाकृति (योद्धा) को पददलित करते हुए प्रदर्शित किया गया है। व्याल की पीठ पर सवार एक अन्य योद्धा को व्याल को नियन्त्रण करते दिखया गया है, जिसे गज व्याल ने अपनी सूण्ड में लपेट रखा है। गजव्याल को आक्रामक मुद्रा में क्रोध से भरे हुए विस्फारित नेत्रों से देखते प्रदर्शित किया गया है। गज व्याल पर सवार पुरूषाकृति ने लगाम हाथ में थाम रखी है। व्याल के कान छोटे तथा खड़े है। पैरों के नीचे की पुरूषाकृति को व्याल से लड़ते दिखाया गया है। व्याल का आंगिक अनुपात सुन्दर है तथा वह अलंकारों से सुसज्जित है।

<u>सिंह व्याल</u> - मंदिर की तलजंघा में दो लघु तीर्थंकर प्रतिमाओं के बायीं ओर लघु व्यालाकृति का अंकन है, जिसका माप 25X5X5 से.मी. है। यह सिंह व्याल है जिसके कान छोटे एवं मेढ़े के समान श्रृंग है दाहिनी ओर की व्यालाकृति खण्डित है तथा उसकी पहचान सम्भव नहीं है। एक जैन देवालय में व्यालांकन की परम्परा आश्चर्यजनक है।

उपरोक्त व्याल मूर्तियाँ कला की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। यहाँ पाली के शिवमंदिर के व्यालों की तरह कोमलता नहीं है अपितु भोरमदेव मंदिर कवर्धा के व्यालों की तरह आक्रमकता दृष्टव्य होती है।

मंदिरों का नगर आरंग : एक अध्ययन

–अजय कुमार चतुर्वेदी

भारत के हृदय स्थल मध्यप्रदेश के दक्षिण पूर्व भाग में **"धान का कटोरा"** छत्तीसगढ़ राज्य स्थित है। यह राज्य प्राकृतिक सौंम्यता, हरियाली, ऐतिहासिक स्थलों, लोक जीवन की झांकी, संस्कृति, पर्वत, पठार, नदियां एवं कलात्मक आकर्षण के क्षेत्र में जितना समृद्ध है कहीं उससे ज्यादा पुरातत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ क्षेत्र पुरासम्पदा तथा संस्कृति वैभव की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। 1 नवम्बर 2000 से नये राज्य गठन के बाद छत्तीसगढ़ ने पुरातत्व के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। छत्तीसगढ़ के नवीन उत्खनन ने तो छत्तीसगढ़ में ही नही वल्कि भारत के इतिहास मे एक नया इतिहास रचा है। इसका प्रमाण धमतरी का लीलर, महासमुन्द का सिरपुर, कवर्धा का पचराही, मुंगेली का मदकू द्वीप एवं सरगुजा सम्भाग का महेशपुर व डीपाडीह आदि हैं। छत्तीसगढ़ में आज भी अनेक स्थल हैं जिनकी खुदाई एवं सर्वेक्षण से भू-गर्भ मे छुपी पुरासम्पदा आलोकित होकर क्षेत्र में एक नये इतिहास को उजागर करेगा।

नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य म.प्र. के दक्षिण पूर्व में $17^0 64'$ उत्तरी अक्षांश से $24^0 5'$ उत्तरी अक्षांश और $84^0 20'$ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। छत्तीसगढ़ में कर्क रेखा ($23^0 5'$ उत्तरी अक्षांश) उत्तरी क्षेत्र के सूरजपुर जिले के प्रतापपुर से गुजरी है। छत्तीसगढ़ राज्य की उत्तर से दक्षिण की लम्बाई लगभग 650 किमी. तथा पूर्व से पश्चिम की चौड़ाई लगभग 385 किमी. है। इसका कुल क्षेत्रफल 1,35561 वर्ग किमी. है जो भारत का 4.11 प्रतिशत है। प्राचीन काल से समृद्ध छत्तीसगढ़ को दक्षिण-कोसल, कोसल, महाकोसल, दण्डकारण्य, महाकान्तार, दक्षिणापथ, चेदिदेश, रतनपुर आदि कई नामों से जाना जाता रहा है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ नाम प्रसिद्ध है।



छत्तीसगढ़ में कुछ स्थान आज भी ऐसे हैं जहां पर अनेक मंदिर प्राचीन काल से बने हुए हैं, जो लगभग 7 वीं शती ई. से 14 वीं शती ई. के बीच के हैं। छत्तीसगढ़ में **"मंदिरों का शहर डीपाडीह"** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में है, एवं **"मंदिरों की नगरी प्रतापपुर"** सूरजपुर जिले में हैं। प्रतापपुर में आज भी लगभग दो किमी. की दूरी पर प्राचीन काल के 9 मंदिर सही स्थिति में हैं। जो निम्नलिखित हैं-

1 - माँ समलेश्वरी मंदिर ।
2 - माँ महामाया मंदिर ।
3 - माँ काली मंदिर।
4 - ठाकुरबाड़ी मंदिर।
5 - गणेश मंदिर ।
6 - हनुमान मंदिर ।
7 - सूर्य मंदिर ।
8 - शंकर मंदिर ।
9 - भैरव मंदिर।

इन मंदिरों की प्रतिमाएं अत्यंत दुर्लभ एवं कलात्मक ढंग से तराशी गई हैं।

छत्तीसगढ़ में एक नाम आरंग है जो इतिहास, पुरातत्व एवं पौराणिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इसे **मंदिरों का नगर** कहा जाता है। इस छोटे से शहर में अनेक प्राचीन मंदिर हैं। प्राचीन काल के 9 मंदिर आज भी सही स्थिति में हैं। यहां का प्रमुख मंदिर भाण्ड देवल (जैन मंदिर) है। इसे लोक परम्परा में भाण्ड देवल की संज्ञा से अभिहित किया जाता है। यह मंदिर 12वीं शताब्दी में निर्मित है। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में आरंग तहसील के अन्तर्गत मंदिरों का नगर आरंग स्थित है। यह राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्रमांक 53 (मुम्बई कोलकाता राज्य मार्ग) पर रायपुर से लगभग 36 किमी. की दूरी पर स्थित है।

आरंग में बाबा हरदेवलाल मंदिर, महामाया मंदिर, बाघदेवल मंदिर, पंचमुखी महादेव मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर आदि प्रमुख मंदिर हैं। मैने अपने शोध पत्र- "**मंदिरों का नगर आरंग : एक अध्ययन**" में इन्हीं मंदिरों पर विस्तृत प्रकाश डाला है।

A Survey of the Archaeological Remains of Ārang Region

(With special reference to the Reewā and Gullu villages)

-Prabhat Kumar Singh
-Praveen Tirkey

Archaeological data about Ārang (21⁰ 12' N; 81⁰ 59' E; MSL 319 m.) as available till date has all the appearance of having one been a very large city of immense political and cultural importance. Its location at nearly midst of the two ancient capital cities (i.e. Śrīpura and Raipur) of Chhattisgarh and closeness to River Mahanadi had played a great role in pervading all limbs of human life from far ancient times to in this day and age. Interestingly the place has revealed numerous epigraphic, numismatic, architectural and sculptural evidences of historical period without any excavation. Moreover, the current mythological tales and indings of Pre-historic tools in neighboring areas denote the roots of civilization to far remote.

There are also some old villages around Ārang who possess archaeological remains of considerable importance. Reewā (21⁰ 13' N; 81⁰ 53' E; MSL 290 m.) lies to the 10 kilometers to the north-west of Tahsil headquarter Ārang and 2 kilometers north to the National Highway. The village has a big tank and three mounds which are said to be of Buddhist origin.

Gullu (21⁰ 15' N; 82⁰ 00' E; MSL 272 m.) is a large village near the left bank of the river Mahanadi and located to the 9 kilometers to the north-east of Tahsil headquarter. The village is identi ied as ancient Vargullaka mentioned in Lakshaman a Temple (Sirpur) stone inscription of Pānd uvamśī queen Vāsatā. This village was separately granted to maintain the *bali, charu, naivedya* and *satra* for the god of that temple (यस्तल एव ग्रामो वर्गुल्लक संज्ञितः स (दे)वस्य। बलिचरूनिवेद्यसत्रोपकरणहेतोः प्रथग्दत्तः।।).

Present paper is aimed to come to light the remains and information concerned to the above villages recorded by survey which ultimately enrich the history of the region.

आरंग के प्रमुख राजवंश एवं उनके दान का अभिलेखीय अध्ययन

-प्रिया दीवान

छ.ग. प्रदेश मध्यप्रदेश के दक्षिण पूर्व में लगभग 17 अंश उत्तर अक्षांश से 24 अंश उत्तर अक्षांश एवं 80 अंश से 84 अंश पूर्व देशांश के मध्य विद्यमान हैं। यह क्षेत्र इस समय 27 जिलों में विभक्त है। छ. ग. मध्यप्रदेश के उदर में त्रिवली के समान प्रतीत होता हैं। प्राचीन काल में यह भू-भाग दक्षिण कोसल, महाकोसल, महाकान्तार, दण्डकारण्य इत्यादि नामों से अभिहित किया जाता रहा हैं। भौगोलिक एवं ऐतिहासिक गौरव की धारा के प्रवाह के सांथ छत्तीसगढ़ का इतिहास प्रागैतिहासिक युग, द्रविड़ संस्कृति, आर्य संस्कृति, रामायण युग, महाभारत युग, बौद्ध और जैन युग से लेकर गुप्त वंश, कलचुरि वंश और मराठा वंश के साथ श्रृंखलावद्ध हैं। भारत के अत्यंत प्राचीन ग्रंथ वाल्मिकी रामायण में दो कोसल का उल्लेख मिलता हैं। उत्तरी कोसल और दक्षिणी कोसल। उत्तरी कोसल महाजनपद, सरयू तट पर विस्तृत रूप से फैला हुआ था जवकि दक्षिणी कोसल विंध्याचल पर्वतमाला के दक्षिण में विस्तृत था। इसी दक्षिण कोसल की राजकुमारी कौशिल्या, महाराजा दशरथ अयोध्यापति से ब्याही गयी थी।

धर्म शास्त्रों में कलयुग में दान को प्रमुख धार्मिक कृत्य माना गया हैं तथा दान की महिमा सर्वोपरि बतायी गई हैं। दान कार्य के अनेक पुरा साक्ष्य उपलब्ध हैं जिसमें दानकर्ताओं द्वारा अकेले अथवा पत्नि के साथ दान कार्य में भाग लिया गया है। दान में प्रयुक्त विषय वस्तुओं में गाय, बछड़ों, हाथी, घोडे, रथ, वृक्ष, मकान, शालाएं, स्वर्ण, रजत, अक्षय निधि, भोजन तथा ग्राम इत्यादि सम्मिलित हैं। जो द्रव्य स्वयं को सुख-रूप प्रिय है और न्याय-धर्म से प्राप्त किया गया हो। वह द्रव्य शुभ गुण संपन्न विद्वान के प्रति देना उचित है यह दान के लक्षण हैं।

दक्षिण कोसल पर राज्य करने वाले राजर्शितुल्य कुल के बारे में आरंग के ताम्रपत्र से जानकारी मिलती है। रायपुर से लगभग 30 किमी दूर स्थित आरंग से जो ताम्रपत्र प्राप्त होता है। यह जानकारी नामोल्लेख तक ही सीमित है। इस वर्ष के अंतिम शासक भीमसेन द्वितीय ने यह ताम्रपत्र सुवर्ण नदी से जारी किया था। ताम्रपत्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वंश का पहला शासक शूरा था, जिसके नाम पर इस वंश को शूरा राजवंश भी कहा जाता है। एपिग्राफिया इंडिका में इस ताम्रपत्र की व्याख्या मिलती है।

आरंग ताम्रपत्र इस वंश के भीमसेन द्वितीय अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में भादो माह की अठ्ठारहवीं तिथि को हरि स्वामी और बोप्प स्वामी को भट्टपालिका ग्राम दान में दिया था। आरंग तामपत्र की तिथि स्पष्ट पढ़ी न जा सकने के कारण कुछ इतिहासकार इसे गुप्त संवत् 182 तो कुछ 282 मानते हैं रायबहादुर हीरालाल भी इसे गुप्त संवत 282 मानते हैं। इस हिसाब से भीमसेन द्वितीय का काल 601 या 602 ई. था। आरंग तामपत्र से ही ज्ञात होता हे कि भीमसेन द्वितीय के पूर्व पांच और शासक हो गये हैं। इतिहासकार काल निर्धारण के लिये पूर्व के शासकों को 20-20 साल का शासनकाल देते हैं। इस परंपरा के पालन से इस राजवंश का प्रारंभ सौ साल पहले हुआ होगा। प्रथम शासक शूरा का शासन काल लगभग 500 ई. से 520 ई. तक रहा होगा। अंतिम शासक भीमसेन द्वितीय का काल 600 से प्रारंभ हुआ होगा। प्रस्तुत शोध पत्र में मुख्य रूप से दक्षिण कोसल के अभिलेखों से प्राप्त आरंग के प्रमुख राजवंश की जानकारी एवं उनके द्वारा दिये गये दान पर प्रकाश डाला गया है।

आरंग से प्राप्त अभिलेखों का ऐतिहासिक अनुक्रम

-डॉ. दिनेश नंदिनी परिहार

प्राचीन दक्षिण कोसल क्षेत्र अर्थात् वर्तमान छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग मध्य में स्थित आरंग का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विशिष्ट स्थान है। इस स्थान से प्राप्त अभिलेखीय साक्ष्यों का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि सिरपुर एवं मल्हार के पश्चात् छत्तीसगढ़ का यह तीसरा स्थान है, जहां से अन्य पुरावशेषों के साथ-साथ शिलालेखों, ताम्रपत्रों के रूप में सात अभिलेख प्राप्त हुए हैं, जो कालक्रम की दृष्टि से प्रथम शताब्दी ईस्वी से लेकर सातवीं-आठवीं शताब्दी ईस्वी के मध्य जारी किए गये हैं। इन अभिलेखों में मिलने वाले ऐतिहासिक विवरणों का समसामायिक परिप्रेक्ष्य में अध्ययन एवं विश्लेषण करने पर इस क्षेत्र से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती हैं, जिससे इस क्षेत्र के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के साथ-साथ संपूर्ण छत्तीसगढ़ के इतिहास पर नया प्रकाश पड़ता है।

आरंग क्षेत्र से प्राप्त प्रारंभिक अभिलेख खण्डित शिलालेख के रूप में है, जो मौर्यकालीन ब्राह्मी लिपि में उत्कीर्ण है। इसके पश्चात् स्थानीय शासकों के क्रम में द्वितीय स्थान रखने वाले, राजर्षितुल्यकुल के अंतिम शासक महाराज भीमसेन द्वारा जारी ताम्रपत्र है; जिसमें स्पष्ट रूप से गुप्त संवत् का उल्लेख होता है। इस प्रकार से किसी मानक संवत् का उल्लेख करने वाला छत्तीसगढ़ क्षेत्र का यह प्रथम अभिलेख है। इस अभिलेख का इस वंश के शासकों के वंशानुक्रम तो ज्ञात होता ही है, साथ ही साथ इस अभिलेख से छत्तीसगढ़ क्षेत्र के ऐतिहासिक कालक्रम के निर्धारण में भी बहुत महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है। भले ही इस में तिथि के अंको का स्पष्ट वाचन नहीं होने के कारण इतिहासकारों में विवादास्पद स्थिति रही है।

इसके पश्चात् आरंग से प्राप्त अभिलेखों में शरभपुरीय राजवंश के शासकों द्वारा जारी किए गए दो ताम्रपत्रों का है। जिसमें प्रथम स्थान महाजयराज द्वारा उनके पांचवे राज्यवर्ष में शरभपुर से जारी किए गये ताम्रपत्र का है और द्वितीय स्थान महासुदेवराज प्रथम द्वारा उनके आठवें राज्यवर्ष में जारी किये गये ताम्रपत्र का है। इन दोनों ताम्रपत्रों का विषयवस्तु ग्राम दान होने के कारण इसमें अनेक प्रकार की सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक तथा भौगोलिक सूचनाएं ज्ञात होती हैं।

आरंग क्षेत्र से प्राप्त अभिलेखों में पाण्डुवंशीय शासक भवदेवरणकेसरी के (भांदक) अभिलेख का भी विशिष्ट स्थान है क्योंकि यह कहा जाता है कि यह अभिलेख मूल में आरंग क्षेत्र में ही था, जिसे बाद में भांदक ले जाया गया। इस अभिलेख में इस वंश के शासकों का नाम तथा शाक्य मुनि का विशाल धाम बनाने का उल्लेख मिलता है। यहां से परवर्ती काल के एक और लेख महामाया मंदिर से प्राप्त हुई है। इस प्रकार आरंग क्षेत्र से प्राप्त अभिलेखों में मिलने वाली सूचनाएं तथा समकालीन राजनीतिक, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के अवलोकन तथा अध्ययन से इस क्षेत्र के इतिहास पर एक नया प्रकाश पड़ेगा। इसलिए प्रस्तुत शोध-पत्र में आरंग क्षेत्र से प्राप्त अभिलेखों ऐतिहासिक अनुक्रम विषय का चयन किया गया है।

ARCHAEOLOGICAL SITES OF NUAPADA DISTRICT, ODISHA

-Jitendra Kumar Nag

The Nuapada district is situated at the extreme western border of Odisha province lies between 20^0 0' N and 21^0 5' Latitude and between 82^0 20' E and 82^0 40' E Longitude. Its boundaries extend in the North-West and South of Mahasamund district (Chhattisgarh) and in the East to Bargarh, Bolangir and Kalahandi districts (Odisha).

Pre-historical Site –

1. Yogimath Donger, Tukal Pre-historic cave painting site belonging to Neolithic age, 10,000 BC.
2. Ghatghumar Sinapali area Pre-historic cave painting site belonging to Neolithic age,10,000BC.

Meghalithic Site (1,000 BC – 3rd Century AD.)

3. Twin –urn Megalithic (burial) Site in Sanduhel Village,
4. Menhir Megalithic burial Site Grave yard of Sunapur – Village area on the Right Side of the main road, while going Boden.
5. Dolmen Megalithic burial Site, South of Kendumunda Village Sinapali.
6. Megalithic remains of Yogimath Dongar (Tukla) with – Megalithic boulder piles and there was overlapping of Neolithic and Megalithic Culture.

Early – historical Site –

7. The Nehena is a ancient Early – historical Site near Khariar 3rd Cent AD. to 15th Century AD.
8. Maraguda valley is near Nuapada 3rd century AD to 15th century AD.
9. Komna Site 3th century AD. to 15th Century AD.

Temple Site -

10. Badadhibaman Temple Khariar – present temple is built on the ruins of Goddess temple (7th Century AD.) and Constructed by:- Raja Gopinath Sai Deo of Khariar after 16th Century AD.
11. Pataleswar siva temple-budhikomna rekha variety of kosali style of temple architecture dates back between 7th Century AD.to 8th century AD.
12. Jagnnath Bricks Temple Komna. The Temple has triple amalaka-sila like the Kalachuri temple of C.G. It seems the temple was converted to Jagannath temple from a Siva temple (Kalachuri period.)
13. Bhubaneswar Siva temple at Tirbandh tank (Khariar). The Temple has Snake hood like projections on all sides, 11th century AD.

Temple ruins Site -

14. Bhuliasikua – Archaeological temple ruins site in Bhuliasikua village. This site has thrown up many Sculpture dates back to 11 – 12th century AD.
15. Dumerbahal village situated on the Sinapali Block. The ruins of a fallen temple (Kalachuri Period) with its Deity, now worshipped as Sambaleswari Deity. (Kalachuri Period)

Fort site –

16. Manikgarh fort on the Sunabeda Plateau - The Manikgarh hill Fort was named after Manik Rai, about' whom James Tod' mentions that with the name of Manik Rai, the history of the Chauhan emerges from obscurity dates back (12th century AD.)
17. Jumlagarh hill fort – is situated on the right bank of Jonk river, where the river takes an 'U' turn, It is a slope fort with a width of 882 Ft. on each side dates back 12th century AD.
18. Tannotegarh fort is situated at the eastern slope of sunabeda plateau.
19. Komnagarh Fort – It is top of Sunabeda plateau, still known as Guda top and Komnagarh Fort, is the Fort, which still exists in its ruins, at present day Komna (12th century).


ODISHA
BARGARH
CHHATTISGARH
BALANGIR
KALAHANDI
To Mahasamund
To Tilagarh
Beltikri
Bisora
Kharhial Road
Sarabanga
Nauparha
Dharambandha
Lakhana
Taraboth
Sunaberha
Komana
Murapara
Patdarha
Bargaon
Patalaganga
Kharlar
Boran
Indra River
Gandabahali
Nilji
Sinapali
Jumlagarh Hill Fort maraguda Valley (17)
Manikgarh Hill Fort maraguda Valley (16)
Maraguda Valley (8) Early historical Site
Pataleswar Siva Temple - Budhikomna (11)
Komnagarh Fort (19)
Jagannath Bricks Temple Komna (12)
Early historical Site Komna (9)
Tannotegarh Fort Sunabeda Palateu (18)
Megalithic Site Sunapur Village (4) Boden area
Badadhubaman Temple, Kharlar (10)
Bhubaneswar Siva Temple Tirbandh Tank (13)
Pre – Historical Site – Yogimath Donger, Tukla (1)
Megalithic remains Site Yogimath Donger, Tukla (6)
Megalithic Site Sanduhel Village (3)
Early Historical Site Nehena (7)
District Boundary
River
State Highway
Road
Railway Track
District Headquarter
Taluk Headquarter
Town
Temple ruin site Bhulia Sikuan (14)
Pre – Historical Site – Ghatghumar (2) Sinapali area
Megalithic Site – Kendumunda Village Sinapali area (5)
Temple ruin site Dumerbahal Village (15)

छत्तीसगढ़ का क्षेत्रीय इतिहास लेखन
(पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक दृष्टि के संदर्भ में)

-डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर

छत्तीसगढ़ शब्द से विभिन्नता में एकता का उद्‌बोध होता है जो भारतीय संस्कृति की रीढ़ स्थल का परिचायक है। यह भू-भाग के हृदय स्थल पर बसा हूआ है। हृदय अपनी धमनियों से संपूर्ण शरीर के अवयवों को सिंचित कर उनको पोषित करता है। ममतामयी मां की तरह अपने बेटों को प्राकृतिक आंतरिक स्नेह देता है। यहां के ऐतिहासिक, पौराणिक, पुरातात्विक अवशेष एवं प्राकृतिक दर्शनीय स्थल का गौरवशाली इतिहास लेखन के अभाव में गुम हो गया है या उनकी पांडुलिपियों को चूहे या दीमक खा गए। उनके भग्नावशेष मौन रहकर अपनी गाथा बताते है। यह आदिवासी बहुल क्षेत्र है। उत्तर में सरगुजा और जशपुर तथा दक्षिण में बस्तर का क्षेत्र प्रमुख रूप से आदिवासी है। छत्तीसगढ़ में बसने वाले आदिवासियों में गोंड़ जातियों के बाद उरांव जातियों का निवास स्थान सरगुजा एवं जशपुर का क्षेत्र हैं। इनकी उत्पत्ति वैदिक क्षेत्रिय वर्ग में मानी जाती है। ये अपने को द्रविड़ परिवार मानते हैं। माडिया जनजातियाँ बस्तर में रहती हैं। कंवर जनजातियाँ कोरबा एवं रायगढ़ में तथा कमार जनजातियाँ प्रमुख रूप से रायपुर संभाग में बसी है। रमरमिहा-रामनामि-महानदी तटवर्ती ग्रामों मे रहते हैं। वे राम के वनगमन के समय, महानदी के तटवर्ती ग्रामों में राम के आने की कहानी कहते हैं।

छत्तीसगढ़ "36 गढ़ो" को मिलाकर बना हूआ हैं। संभवतः मैदानी भू-भाग में बसने वाली तत्कालीन आबादी को प्राकृतिक एवं राजनैतिक-सामरिक आपदाओं में 'गढ़' सुरक्षा प्रदान करने वाली संरचनाएं रही होंगी। इस प्रकार जिलें में गढ़ो के पुरातात्विक उत्खननों से भविष्य में आने वाले परिणामों के पूर्व भी इस अंचल के गढ़ शोध अध्ययन संभावनायुक्त, देश के पुरातत्वीय मानचित्र में विशिष्ट स्थान के अधिकारी है। महाकौशल इतिहास परिषद द्वारा सरहरगढ़ का अवलोकन करते हुये इतिहास लेखक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस भूखण्ड में विभिन्न जातियाँ, वर्णो का समूह देश के विभिन्न भागों से आकर यहां के निवासी बन गये है। उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम सभी दिशाओं से भारतवासी आकर इस माटी से जीवन पा रहे है। इस भू-भाग ने अपनी संस्कृति के गुणों, सहनशीलता, समरसता, संवेदनशीलता आदि भावों को अपने बच्चों को प्रदत्त किया है। भारतीय सांस्कृतिक गावों की संस्कृति है। छत्तीसगढ़ गांव का प्रदेश है। शहरनुमा इसके जिला स्थलों पर भी इस संस्कृति की छाप स्पष्ट दिखाई देती है। पश्चिमी संस्कृति का यदा-कदा रूप कहीं-कहीं दिखाई देता है।

आध्यात्मिक क्षेत्रों में एकता के सूत्र में बांधने वाली तुलसी की रामायण है। उत्तर में सरगुजा में कुदरगढ़ की देवी, दक्षिण में बस्तर की दंतेश्वरी देवी, पश्चिम में डोंगरगढ़ की बम्लेश्वरी देवी, तथा पूर्व में चन्द्राहासिनी देवी। ये महाशक्तियाँ इस प्रदेश को चारों दिशाओं से संरक्षित कर एकता के सूत्र में बांधती है। चम्पारण्य 15वीं शताब्दी के महान दार्शिनिक श्री महाप्रभु वल्लाभाचार्य की जन्मस्थली है। यह भू-भाग रायपुर से 50 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। उन्होनें वैष्णव धर्म की स्थापना की थी। वे रामानंद जी, कबीर, गुरूनानक देव, चैतन्य महाप्रभु के समकालीन थे। स्वतंत्रता संग्राम में यहाँ की विभूतियों ने अपना बलिदान दिया था। त्रेतायुग में यह भाग दक्षिण कौशल कहलाता था। प्राणदायिनी महानदी के किनारे बसा सिरपुर उस काल में इसकी राजधानी थी। राम के वनगमन की यात्रा इसी भू-भाग से हुई थी। सरगुजा के रामगढ़ में सीताकुटी के सामने खींची हुई लक्ष्मणरेखा है, जो गहरी खाई का रूप ले चुकी है। एक शीलाखण्ड पर जटायु का चित्र अंकित है, जो रावण से युध्द करता हुआ अपने प्राण त्याग दिया था। सीताजी का हरण इसी स्थान से हुआ था। ऐसी यहाँ के लोगों की मान्यता हैं। यह स्थान बिलासपुर एवं अंबिकापुर के बीच स्थित है। सीताकुटी के पास गुफा है, जिसकी माटी अनेक प्रकार की बीमारियों के लिये रामबाण दवा हैं, उसे चंदन माटी कहा जाता है। कुदरगढ़ एवं भैयाथान के बीच (झीलमिली) लक्ष्मण पदचिन्ह एक शिला पर अंकित है।

इस भू-खण्ड से प्रवास करते हुऐ श्री राम खरौद पहुंचे थे, वहां खरदूषण का वध किया था। वहां शंकरजी की प्राचीन मूर्ति है। जो लखेश्वर महादेव के नाम से प्रसिध्द है। शिवरीनारायण, शबरी माता की साधना स्थली रही है। राम ने झुठे बेर खाये थे, उस समय सीताजी, राम के साथ नहीं थी। यह सिध्द करता है कि सीताजी का हरण इसके पूर्व ही हो चुका था। राजीव लोचन में राम के पदचिन्ह उनके पधारने का परिचय देते हैं। इसी प्रकार बस्तर में भी उनके आगमन के पद-चिन्ह हैं।

नक्सलवाद छत्तीसगढ़ के 27 जिलों में से 20 जिलों में फैल चुका है तथा 07 जिले रायपुर, बेमेतरा, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, मुंगेली, दुर्ग का क्षेत्र अभी अछुते हैं। यहां के निवासी प्रेम, सोहार्द्र एवं सद्भावना से परिपूरित हैं। इस कारण वे निश्चिंतता एवं सुरक्षित वातावरण में जीवनयापन कर रहे हैं। यह भू-खण्ड सुख एवं समृध्दि की सुगंध कस्तुरीमृग की भांति अपने अंदर समेट रखा है। आत्म-निरीक्षण, आत्मसुधार, आत्मनिर्माण एवं आत्मविकास से हम एकता, ममता और समता की भावना पर चलकर कर सकते हैं जो हमारे अतीत के गौरव को मंडित करता है। यहां भू-भाग वाल्मीकि, अगस्त, मतंग, सुतीक्षण, श्रृंगी आदि ऋषियों की तपोभूमि हैं। इसी कारण छत्तीसगढ़ का निर्माण अहिंसा व शांति के मार्ग पर चलकर हो गया है। वेदमूर्ति, तपोनिष्ट, पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने इस क्षेत्र को अपना हृदय स्थल कहा था। शायद उन्होंने अपनी सुक्ष्म दृष्टि से यह सब कुछ देख लिया होगा। 25 मई 2013 को छ.ग. के जीरम घाटी में हुये नक्सली घटना ने पुरे हिन्दुस्तान ही नही वरन विश्व को हिला कर रख दिया है। यह प्रदेश शांति का टापू कहा जाने वाला, इसे ऐसा ग्रहण क्यों लग गया है। छत्तीसगढ़ क्षेत्र पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भू-भाग है। यह क्षेत्र शोधार्थी एवं अध्यनकर्ताओं के लिये विशेष रूप से आंखे निहार रही हैं। छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय इतिहास लेखन में महत्पूर्ण योगदान दे सकें।

NEW LIGHT ON EXCAVATION AT TARIGHAT, DIST.DURG, CHHATTISGARH

-J.R.Bhagat

Tarighat (Lat:21°05'N,Long:81°40'E), Patan tehsil, district Durg, Chhattisgarh is an important early historical site in Central India. This site is roughly 30 k.m from Raipur,the state capital of Chhattisgarh. Tarighat is approachable from Raipur via Bharenga at a distance of about 30 k.m. The site is located on the left bank of Kharun, a tributary of Seonath River.The exact site is discovered by the first author during the accidental visit to this area. Then this site is proposed for the scientific exploration to the Archaeological Survey of India in 2010. Finally Archaeological Survey of India has granted the license for excavation at Tarighat for the field session 2012-13.

Chronology:

Archaeological Survey of India has granted the license for the excavation in the session 2012-13. The Directorate of Culture and Archaeology, Government of Chhattisgarh conducted the excavation. The excavation unearthed successive strata of residential houses, streets and drains. The present continuing excavation revealed following cultural sequences:

Period I : Pre- Kushan

Period II : Kushan

Period III : Satavahan

Period IV : Gupta and Post-Gupta (Sarabhapuriya and Somavamsi)

Period VI : Kalchuri

Period I

The earliest strata reprint Pre-Kushan in nature. There are about 12 layers are exposed which represent five cultural periods, of these cultural periods, the earliest level of occupation was not represented by any structural remains but by one pit cut into depth of the soil. This cultural phase designed as the Pre-Kushan phase. The excavation yielded some indications of Pre-Kushan period. In this cultural phase some post holes with chard grains with glazed black potteries and black slipped ware ceramics are traced out.

Period II

In the succeeding period (Period-II), the site saw an enlarge settlement. Large number of Kushan coins and a coin hoard are traced out from the site. There is continuity in the ceramic industry also but a sharp decrease in number of dominated in this phase. Large number of copper and iron object of various sizes of this period bear testimony to it. One stone seal is retrieved from this cultural level. There are four letter ***Ba,Ma,Se,Da*** are engraved. Besides this, six circular dots are also engraved on the right below of the seal. This script is pre-Kushan or Kushan brahmi. One terracotta pendant engraved the brahmi letter ***Ma*** also retrieved from this level.

Period III

This period is attested with the evidence of Satavahan coins and terracotta. All the figures from Tarighat are finely baked and some of them have a red slipped applied to them. From this very site large number of terracotta's are recovered in the form of potteries, beads and figurines. The terracotta figurines are of early historical in nature. The terracotta figurines are of lion, bull and toys. The excavation revealed some satavahan important terracottas.

Period IV

The excavation yielded three gold coins of this dynasty. These types of coins are also known as repousse coin. Among these gold coins, one gold coin of Mahendradiya and other two are of Prasannmatra. Here from the excavation the gold coin of Mahndraditya is traced out in the depth of 40 c.m. The obverse part of this coin is subdivided into two; upper part contains the symbols like *Garuda*, *Sankh* (conch), *Chakra* (wheel) and *Chandra* (crescent). The lower part portion contains the *sriMahndradiya* in the box headed variety of brahmi script. On the extreme bottom a *kalash*(pot) is placed. Two gold coins of Prasannmatra also retrieved from the same level of this cultural phase. One gold coin contains the name *Sriprasannmatra* with the above described symbols of Mahendradiya gold coin. From this cultural level terracotta and semi precious beads are coming out. A plaque of Lajyagauri(*chhinamastka*) also recovered from this level. Various votive objects and fragments of plaques are recovered. The stone structures are severely disturbed due to the stone robbing by the villagers. People used the stones and other structural remains in their houses.

Period:V

Again possible after a short desertion, a culture sprang up here and continues to flourish upto late Kalchuri and Islamic period. Coins of this period found on the surface. After the considerable lapse of time, a fresh settlement cropped up at Tarighat towards the end of 11th C.A.D. One copper coin of Kalchri dynasty recovered from this cultural level. The excavation also revealed stone images and plaques of Ganesh,fragmented Uma-Maheswar and other architectural members.

Conclusion

The findings of Satavan and Kushan coins, early historic potteries, terracotta's, structural feathers and other material culture of Tarighat shows its date to early .The recovered stone seals depicted various clearly shows that this site might be an important centre in the South Kosala. Excavation at Tarighat yielded almost an uninterrupted sequence of early cultures of Kharun river right from Pre-Kushan to late medieval period.

आरंग परिक्षेत्र का पुरातत्वीय सर्वेक्षण एवं पुरावशेषों का अध्ययन

-डॉ. के.पी. वर्मा

आरंग, रायपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 53 पर रायपुर मुख्यालय से लगभग 37 कि. मी. दूरी पर रायपुर-सम्बलपुर रोड पर $21^0 11'$ उत्तरी अक्षांश तथा $81^0 58'$ पूर्वी देशांतर पर स्थित है। यहां से लगभग 5 कि.मी. दूरी पर महानदी वहती है। आरंग प्राचीन काल से ऐतिहासिक एवं पुरातत्वीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रारंभिक अभिलेखों में आरंग से चतुर्थ शताब्दी ई. के ब्राह्मी लिपि में उत्कीर्ण तथा राजर्षितुल्य कुल के भीमसेन द्वितीय का ताम्रपत्र जो कि गुप्त सं. 182 (501 ई.) का है। दूसरा ताम्रपत्र शरभपुरिया वंश के जयराज द्वारा अपने शासन काल के 5वें वर्ष तथा सुदेवराज के 8वें वर्ष में जारी कल्चुरी शासक अमर सिंह देव द्वारा वि.क्र. सं. 1792 में जारी ताम्रपत्र से इसकी प्राचीनता की पुष्टि होती है। प्राचीन किवदंती के आधार पर इसे मोरध्वज की नगरी भी कहा जाता है। इस स्थल का सर्वेक्षण पूर्व में सर अलेक्जेंडर कनिघंम ने भी सन 1873-75 में किया था। उनके अनुसार आरंग में भाण्डदेवल मंदिर, बाघ देवल मंदिर, चण्डी मंदिर, नृसिंह मंदिर प्रमुख है।

आरंग परिक्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2003-04 में मेरे द्वारा नई राजधानी रायपुर के 30 ग्रामों का पुरातत्वीय सर्वेक्षण कार्य किया गया था। जिसका प्रतिवेदन मुख्यालय रायपुर में प्रस्तुत किया जा चुका है। सर्वेक्षण के दौरान मंदिर हसौद के समीप नवागांव में प्राचीन मंदिर जो कि ईंट निर्मित है। इसके अलावा इसी मंदिर के पीछे तरफ तालाब की मेंड में विश्वनाथ मंदिर भी विद्यमान है। जो लगभग 17वीं शताब्दी ई. का है। इसी क्षेत्र में शिवमंदिर, चन्दखुरी ग्राम में स्थित है जिसका निचला भाग सोमवंशी काल का है तथा ऊपरी भाग जीर्णोद्धारित है। इस ग्राम में अन्य कई प्रतिमायें बिखरी है तथा ग्राम के पश्चिमी किनारे पर तालाब के मध्य में पुराने मंदिर के अवशेष है जिसे वर्तमान में स्थानीय लोग कौशल्या माई का मंदिर कहते है। इसी क्षेत्र में मंदिर हसौद के आगे आरंग रोड पर लगभग 27 कि.मी. दूरी पर लखौली ग्राम है जिसके बायें तरफ दो प्राचीन टीले विद्यमान है। इसके अलावा लखौली से 3 कि.मी. बायें तरफ रीवा ग्राम है, जहां एक प्राचीन तालाब है। इसकी मेड़ में एक नवीन मंदिर है जहां पर एक टीले में पुराने समय के अनाज का अवशेष अभी भी खुदाई में मिलते रहते हैं।

इस प्रकार इस शोध प्रपत्र के माध्यम से आरंग एवं इसके चारों तरफ विद्यमान मंदिर एवं सर्वेक्षण से ज्ञात पुरावशेषों का प्रकाश में लाना ही प्रमुख उद्देश्य है।

ARCHAEOLOGICAL VESTIGES OF ARANG REGION

-Dr.S.K.Bajpai
-Atula Kumar Pradhan

Arang (Lat.21^0 11$'$ 43$''$ N, Long.81^0 58$'$ 10$''$ E), the ancient site is located in the Raipur district. The very site is situated on the left bank of river Mahanadi. The strategic location of Arang invited the human for settlement in this area. The geographical formation is suitable for the human settlement in this area. This area contains the fertile plain lands with laterite formation and small water channels which was very favorable for the prehistoc settlement. The region extends upto Nayaraipur and Mandir hasaud area of Raipur. This region supplies some prehistoric rude tools from the laterite bed. The proper investigation of this area no doubt supply more evidence about the prehistoric scenario of this area. So far as historical period is concerned, the earliest evidence found that of Brhami inscription of Bhimsena-II. For the first time Arang inscription gives the sign of this dynasty known as Rajasrituly dynasty. This copper plate is issued from Suvarnanadi, which indentification is in dispute. V.V.Mirashi identified it to Son in the Northern of Mekala, which near Janjgiri –Champa.

The Arang copper plate of Bhimsena-II is the only inscription found in the area of South Kosala that is dated years instead of regnal year. Here the Copper plate of Sudevraja also retrived.

This Arang region contains the various archaeological remains in the form of potteries, coins, copper plates, sculptures, architectures etc. The main attraction of the present time is the existing Bhand deul. It takes attention due to its rich carving and Jain remains. This temple having a stellate grabhagriha, enshrining images of three tirthankaras namely Ajitanatha, Neminath and Sreyansanath. On its plan it consists a *sanctum,mandapa*, and a porch of which the later two are lost now. The body of the temple decorated with rich carving of beautiful sculptures including erotic figures. The temple assigned to the circa 9th C.A.D. Besides this, this village contains some ancient mounds which revealed large number of archaeolotgical remains like potsherds of red slipped ware, black ware and fine fabric, terracotta discs and beads. But these ancient mounds now converted into various agricultural fields. The proper investigation especially archaeological operations in this area no doubt reveal unique cultural sequences.

आरंग से प्राप्त मूर्ति शिल्प का कलात्मक महत्व और उसकी विशेषताएँ

- डॉ.मोना जैन

आरंग प्राचीन समय से ही एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल के रूप में जाना जाता रहा है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग 40 कि.मी. दूर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 6 पर महानदी के बायें तट पर अवस्थित यह एक प्राचीन नगर है। आरंग के सम्बंध में यह किंवदन्ति प्रचलित है कि यहां 120 तालाव और अनेक मंदिर थे। यहां से प्राप्त अभिलेखों से भी इस स्थल के महत्व का पता चलता है।

आरंग के जैन मंदिर व कला की परम्परा में अपना गौरवपूर्ण स्थान रखता है। यहां भाण्ड देवल मंदिर जैन धर्म से सम्बंधित प्राचीन कला का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस मंदिर का निर्माण काल प्रारम्भिक कल्चुरि कालीन (लगभग ग्याहवीं शताब्दी ई.) माना जाता है। आरंग के अन्य मंदिरों में समिया माता मंदिर, चण्डी मदिर, बाघेश्वर मंदिर, महामाया मंदिर और शिव मंदिर की प्राचीनता की दृष्टि से उल्लेखनीय हैं। इसके अतिरिक्त आरंग में वहुसंख्यक मूर्तियां एवं वास्तु अवशेष प्राप्त हुये हैं जो यहां वर्तमान घरों के अहातों एवं नवनिर्मित मंदिरों में लगे हुए हैं।

आरंग में उपलब्ध प्राचीन कला से सम्बंधित समस्त सामग्रियों का शिल्प-विद्या की दृष्टि से वर्गीकरण करते हुए जब तुलनात्मक अध्ययन करते हैं तब हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि स्थापत्य की अपेक्षा यहां का मूर्तिशिल्प अधिक समृद्ध और गौरवशाली है।

कलचुरि शासन काल में पूर्वाद्ध के अन्त तक लगभग सात सौ वर्षों तक अबाध गति से चलने वाले कला के सृजन के महत्व में उन समस्त आधारभूत तत्वों को शाश्वत रूप उपस्थित और सक्रिय पाते हैं, जिन्हें भारतीय कला को विशिष्टता प्रदान करने वाले मौलिक लक्षणों के रूप में स्वीकार किया गया है। विष्णु पुराण, वराह मिहिर की वृहत्-संहिता एवं अन्य प्राचीन ग्रंथों में मूर्तिशिल्प के उन तमाम लक्षणों के नाम और उसकी व्याख्या की गई हैं। इसका उल्लेख करते हुए डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल लिखते हैं कि- "सौन्दर्य शास्त्र के अनुसार कला और काव्य के चार प्रमुख तत्व रस, छन्द, अर्थ और रूप या शब्द माने गये हैं।"

रस को सभी शास्त्रकारों ने कला की आत्मा कहा है। कला में निहित रस के माध्यम से आनंद की अनुभूति निश्चित रूप से चित्त का विषय है, इसलिए कला को सच्चिनंद कहा गया है। धार्मिक तथा अध्यात्मिक चिन्तन के क्षेत्र में वह परम्परा ब्रम्ह की उपाधि है।

आरंग से प्राप्त मूर्तिशिल्प के समस्त उदाहरणों में कलागत अथवा शैलीगत भेद गौण हो जाते है और कला सम्बंधी शास्त्र सम्मत लक्षणों में उदबुद्ध प्रभावों का आवेग अनंत आनंद लोक में ले जाता है।

आरंग के शिल्पियों की विभिन्न कृतियों में काल की सीमाबद्धता के परे कला के महत्व एवं उद्देश्य के सम्बंध में भारतीय दृष्टिकोण, विचारों एवं आदर्शों की स्थापना के प्रति सजग चेष्टा की ऐतिहासिक-बद्धता सक्रिय दिखाई पड़ती है। यहां से प्राप्त मूर्तिकला से सम्बंधित उदाहरणों में वे सभी विशेषताएं विद्यमान है जिन्हें व्यापक स्तर पर भारतीय मूर्तिशिल्प एवं कला की विशेषताएं माना जाता है। उपलब्ध मूर्तिरूपों का अवलोकन करने पर यह दृढ़तापूर्वक कहा जा सकता है कि शिल्पियों द्वारा इन मूर्तियों को बनाने का अपना अलग महत्व था।

देवी-देवताओं अथवा अन्य मानवीय मूर्तियों-हांतार रूप-सज्जा के समय समकालीन सभ्यता की उपलब्धियों के अनूप वस्त्र-अलंकरण के विन्यास आदि को सजीव अभिव्यक्ति देकर सभ्यता के संवाहक भूमिका का सम्यक, निर्वहन कर पाना संभव हो सकता है। इस प्रकार आरंग की मूर्तिकला ने सभ्यता की उपलब्धियों को समकालीन समाज के समक्ष प्रस्तुत करने और भविष्य की पीढ़ी के लिए उसे संरक्षित रखने के उद्देश्य से व्यावहारिक स्तर पर पूर्णता प्रदान की गई है।

उपासक एवं साधक वर्ग की मूर्तियों को गढ़ते समय एवं दर्शन की समसामयिक प्रवृत्तियां, इनसे सम्बद्ध आदर्शों, नैतिक मूल्यों, धार्मिक एवं दार्शनिक क्षेत्रों में विद्यमान मत-मतान्तरों की सजीव अभिव्यक्ति द्वारा इन शिल्पियों ने धर्म-दर्शन तथा संस्कृति के इतिहास को मूर्तियों की भाषा के माध्यम से अमर बना दिया है।

जन-जीवन से सम्बंधित शिल्प-कृतियों में तत्कालीन समाजिक अवधारणाओं, नैतिक मूल्यों की मान्यताओं आदि का अत्यंत उत्कृष्ट शिल्पांकन इन शिल्पियों द्वारा किया गया है। लोक-जीवन से सम्बंधित अंकनों से सामान्य व्यक्ति से लेकर राजा और ऋषि मुनि, जंगल में रहने वाले वनवासी की आखेट प्रवृत्ति से लेकर राजा के विहार तक, लौकिक धरातल पर जीवन के सम्पूर्ण पक्षों को अपनी शिल्प में समेट लेने की अदम्य लालसा से यहां का शिल्पी अभिभूत रहा है। यहां के शिल्पी ने अपने शिल्पांकन को देवलोक और मानव तक ही सीमित नहीं रहने दिया बल्कि अपनी छेनी से प्रकृति के समस्त भावों को व्यापक रस पूर्ण और सुंदर तत्वों को रूपकार दिया है।

सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और लौकिक धरातल पर उपयुक्त उद्देश्यों की प्राप्ति से अर्जित उपलब्धियों एवं उसका जन-जीवन पर पड़ने वाला प्रभाव इन कला रूपों को प्रतिष्ठित करने वाले रहे हैं। रस, रूप, छन्द, अर्थ, की मूर्ति-शिल्प के माध्यम से श्रेष्ठतम अभिव्यक्ति हेतु भाव-भंगिमा, मुद्रा कार्यों का दर्शन, वस्त्र-अलंकरण, अंग विन्यास, केश-विन्यास, सुकुमारता उत्पन्न करने की दिशा में अत्यधिक सजग प्रतीत होता है। अंत में यह कहा जा सकता है कि आरंग की शिल्प-कृतियां शैली, विषय, भाव, वस्त्र अलंकरण, रूप विधान आदि समस्त दृष्टिकोणों से सन्निकट हैं।

आरंग क्षेत्र का इतिहास एवं पुरातत्व

- डॉ.वृषोत्तम साहू

प्रसिद्ध पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक स्थल आरंग 21^0-11" उत्तरी अक्षांश, 81^0-58" पूर्वी देशांश पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग 40 कि.मी. दूर, राष्ट्रीय राजमार्ग-6 पर महानदी के बांये तट पर अवस्थित एक प्राचीन नगर है। छत्तीसगढ़ के मंदिरों की नगरी, वर्तमान में यह तहसील मुख्यालय एवं विकासशील नगर है। आरंग ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है, जैसा कि यहां प्राप्त प्रारंभिक अभिलेखों से ज्ञात होता है। आरंग से प्राप्त 4थी शताब्दी ई. का ब्राम्ही लिपि में उत्कीर्ण तथा राजर्षितुल्यकुल के भीमसेन द्वितीय का ताम्रपत्र जोकि गुप्त संवत् 182 (501 ई.) में जारी किया गया था। द्वितीय ताम्रपत्र शरभपुरिय वंश के जयराज द्वारा अपने शासन काल के 5वें वर्ष में जारी किया गया था। इसी वंश का एक अन्य ताम्रपत्र जोकि सुदेवराज द्वारा अपने शासन काल के 8वें वर्ष में जारी किया गया। उत्तर कलचुरि शासक अमरसिंह देव वि.सं. 1792 में जारी किया गया था यहां से प्राप्त उक्त अभिलेखों से आरंग की प्राचीनता एवं ऐतिहासिक महत्व की पुष्टि होती है।

आरंग एक महत्वपूर्ण जैन धर्म का केन्द्र था। यहां से भीमसेन द्वितीय नामक राजा का ताम्रपत्र प्राप्त हुआ है। इस ताम्रपत्र के आधार पर रायबहादुर हीरालाल का कथन है-"रायपुर जिले के आरंग नामक स्थान से एक प्राचीन वंश के राज्य का पता चलता है, जिसे राजर्षितुल्य कहते थे। यदि इसका संबंध खारवेल से रहा हो तो समझना चाहिए कि खारवेल का वंश सैकड़ों वर्ष चला" इस संबंध में उल्लेखनीय है कि हाथी गुफा का अभिलेख में खारवेल के लिए "राजसिवसुकुल विनिसृत" शब्द का प्रयोग किया गया है, जबकि आरंग ताम्रपत्र में "राजर्षि तुल्यकुल" शब्द प्रयुक्त है। ये उपाधियां वंश का परिचायक है अथवा उनका प्रयोग विशेषण के रूप में किया, निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता।

बालचन्द्र जैन ने उड़ीसा की एक अनुश्रुति के आधार पर खारवेल के पूर्वज (ऐल), (ऐर) के कोसल से खण्डगिरि (कलिंग) आने की कथा का उल्लेख किया है। उन्होंने भारतीय संग्रहालय कलकत्ता के संग्रह में 14वीं शताब्दी ई. की एक उड़िया पाण्डुलिपि के आधार पर यह तथ्य स्वीकार किया है। इस प्रकार खारवेल और राजर्षितुल्यकुल के मध्य संबंधों की संभावना को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। छत्तीसगढ़ क्षेत्र में राज्य करने वाले दो प्रतिष्ठित राजवंशों, शरभपुरीय एवं पाण्डुवंशियों के काल में जैन-धर्म का पर्याप्त विकास हुआ, जिसकी पुष्टि मल्हार और सिरपुर से प्राप्त पुरावशेषों से होती है। कालान्तर में छत्तीसगढ़ में कलचुरि साम्राज्य की स्थापना हुई। यद्यपि पाण्डुवंश और कलचुरि वंश के मध्य कुछ अन्तराल है किन्तु प्रस्तुत लेख में राजनीतिक इतिहास का विवरण दिया जाना अभीष्ट नहीं है।

कलचुरि कालीन पुरावशेष बहुत बड़ी संख्या में उपलब्ध है, जिससे स्पष्ट होता है कि जैन धर्म कलचुरि काल में लोकप्रिय धर्म था। कलचुरि वंश के राजा जाजल्लदेव के शासन काल के मल्हार शिलालेख (कलचुरि संवत् 919 ई., 1167-68) में उल्लेख है कि ब्राम्हण सोमराज जैनों के लिए यम के समान था। छत्तीसगढ़ क्षेत्र में जैन धर्म से संबंधित अधिकांश पुरातात्विक सामग्री 12वीं शताब्दी ई. तक की है। अभिलेखीय साक्ष्य में सोमराज का उल्लेख जैनों के लिए यम के समान किए जाने के आधार पर सामान्यतः यह धारणा विकसित हुई थी कि इसके पश्चात् जैन-धर्म का पराभव छत्तीसगढ़ में हो गया किन्तु यत्र-तत्र बिखरी सामग्री के अध्ययन के आधार पर इस अवधारणा की परिवर्तित किया जाना उपयुक्त प्रतीत होता है।

स्फटिक की प्रतिमाएं

लगभग 100 वर्ष पूर्व स्फटिक की तीन प्रतिमाएं आरंग के किसान को प्राप्त हुई थी। यह प्रतिमाएं वर्तमान रायपुर के दिगम्बर जैन-मंदिर में पूजार्थ रखी गयी है। इन प्रतिमाओं का विस्तृत अध्ययन डॉ. मोरेश्वर गंगाधर दीक्षित ने किया है। छत्तीसगढ़ में स्फटिक प्रतिमाएं ज्ञात नही है, अतः इन प्रतिमाओं को विशेष महत्व का कहा जा सकता है। आरंग से प्राप्त इन प्रतिमओं मे से एक 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ और दो 10वें तीर्णंकर शीतलनाथ की है।

डॉ. दीक्षित इनमें से शीतलनाथ (प्रतिमा क्र.2) को 7-8 वीं शताब्दी ई., पार्श्वनाथ प्रतिमा क्र.1 को 11-12वीं शताब्दी ई. का तथा शीतलनाथ (प्रतिमा क्र.3) को सबसे वाद की अथवा 14-15वीं शताब्दी ई. का मानते हैं। उन्होंने इन प्रतिमाओं के तिथि निर्धारण में कठिनाई का उल्लेख किया है जो समुचित ही है। इस संबंध में मुनि कांतिसागर का कथन है कि इन प्रतिमाओं की मुखाकृति और रचनाकाल सिरपुर से प्राप्त धातु मूर्तियों के समान है। अतः उन्हें सोमवंशीय नरेशों के काल की मानना उचित है। प्रतिमाओं को दक्षिण कोसल के कला का उत्कर्ष अर्थात पाण्डुवंशियों के काल का माना जाना उचित है।

छत्तीसगढ़ के जैन शिल्प के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि भारतीय जैन कला और स्थापत्य में छत्तीसगढ़ का अपना विशिष्ट स्थान है।

इन सामग्रियों की व्यवस्थित अभिलेखीकरण, अध्ययन के साथ ही क्षेत्रीय कार्यान्तर्गत सर्वेक्षण और अन्वेषण के दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये जाने की आवश्यकता है, जिससे छत्तीसगढ़ में जैन-धर्म और शिल्प पर समग्र रूप से प्रकाश पड़ सकेगा।

1. 8 X 6 X 5 सेमी.
2. 5.5 X 4.5 X 4 सेमी.
3. 3.5 X 2.5 X 3 सेमी.

संदर्भ-ग्रंथ

1. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, रायपुर मण्डल, रायपुर (छ.ग.)
2. उपरिवत्।
3. रायबहादुर हीरालाल, म.प्र. का इतिहास, पृ. 15।
4. एपि. इंडिका भाग-20, पृ.72।
5. उपरिवत्, भाग-9, पृ. 34।
6. कार्पस इंस्क्रीप्शनम्, इंडिकेरम, भाग-4, पृ. 512 ई.।
7. मुनि कातिसागर "खण्डहरों का वैभव" पृ. 148।
8. मोरेश्वर गंगाधर दीक्षित आरंग में प्राप्त तीन जैन स्फटिक मूर्तियां, रेवा-अंक-2, पृ. 22-26 (पुर्नमुद्रित किया जा रहा है)
9. मुनि कांतिसागर "खण्डहरों का वैभव" पृ. 38 (डॉ.लक्ष्मीशंकर निगम-छ.ग.का जैनशिल्प) 2001, रायपुर।

THE ARANG STONE INSCRIPTION

-Prof. P.L. MISHRA

The Arang stone inscription now housed in M.G.M. museum Raipur is an interesting and very important inscription of Chhattisgarh India, Dakshin Kosal. It was in discussion from 1827 when Vinayak Rao Deshpande Auragabadkar noticed and recorded it But this report of Deshpande remained unnoticed.

In 1842 Rev. Stevension published this inscription in JBBRAS and said that it was found at Bhandak in Chandrapur District of Maharashra. Then Gen. Cunninigham published it in ASR vol. IX p. 127 and accept its find place at Bhandak. In 1905 DR Kiclhorn published the inscription (JRAs P-616) but the calld it Nagpur St. inscription brought to Nagpur from Ratanpur. R.B.Hiralal in his publication (ICPB No. 14 p. 13) called it from Bhandak , He towed earlier line.

It is M.M.V.V. Mirash to Nagpur and Y.K. Deshpande (of yeotmal) got hold of the report of Vinayak R. Deshpande Aurangabadkar and published that and declared that the inscription was from Aring. And the later developments proved it conclusively that it was from Arang.

The importance of the inscription is that is reveals several facts about the Panduvamshi ruler in the initial stage. Thus the inscription is very important in the history of Panduvamshi rules of C.G./Dakshin kosala.

आरंग का इतिहास एवं पुरातत्व

- श्रीमती सीमारानी तिवारी

रायपुर जिले के आरंग तहसील में रायपुर से लगभग 37 कि.मी. पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-6 पर आरंग नगर स्थित है। जो ऐतिहासिक एवं पुरातत्वीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है। आरंग $21^0$11'43'' उत्तरी अक्षांश $81^0$58'10'' पूर्वी देशांश पर स्थित है। समुद्र तल से इस क्षेत्र की ऊँचाई 319 मीटर है। यह नगर मंदिर एवं तालाबों का नगर हैं यहाँ पहुँचने के लिए नियमित बस सेवाएँ है एवं रायपुर-महासमुंद रेल्वे लाईन का रेल्वे स्टेशन है। इस नगर के पूर्व में लगभग 6 कि.मी. की दूरी पर महानदी बहती हैं।

इस शहर का नाम मुख्य रूप से एक पौराणिक घटना से संबद्ध है। किंवदंती है कि यह नगर आरा और अंग से व्युत्पन्न है। कहानी में बताया गया है कि कृष्ण ने अपने सिंह के भोजन के लिए हैह्य वंशीय राजा मोरध्वज का उसके पुत्र ताम्रध्वज के शरीर को दो भागो में चीरने को कहा गया। शरीर चीरने का यह कार्य इसी नगर में किया गया था। इस कारण संपूर्ण क्षेत्र में मराठा शासन काल के आरंभ तक आरी का प्रयोग निषिद्ध था।

आरंग में जैन धर्म का भाण्डदेवल मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित स्मारक है जो नगर के मध्य स्थित है। 11वीं-12वीं सदी ई. निर्मित पंचरथ शैली के इस मंदिर के गर्भगृह में अजितनाथ, नेमीनाथ तथा श्रेयांशनाथ की प्रतिमाएँ स्थापित है। मंदिर का अग्र एवं पृष्ठ भाग का अनुरक्षण कार्य करवाया गया है। मंदिर का आमलक व शिखर पूर्ण सुरक्षित है।

आरंग में अनेकों धर्म के मंदिर हैं। यहाँ स्थित बाघेश्वर मंदिर के संबंध में मान्यता है कि इस मंदिर के दर्शन प्रत्येक तीर्थयात्री जो जगन्नाथ पुरी के लिए जाता है के द्वारा निश्चित रूप से किया जाता है। आरंग से राजर्षितुल्य कुल, शरभपुरीय एवं रायपुर के कलचुरियों के काल के ताम्रपत्र मिले हैं जो इस स्थल के धार्मिक, प्रशासकीय एवं वाणिज्यिक महत्व को उजागर करते हैं। यह एक वृहत नगर रहा होगा। जो इसके पुरातत्वीय अवशेषों के मिलने से प्रमाणित होता है। इस नगर में अनेकों मंदिर यत्र-तत्र हर कोने बने हैं जो निम्न है - बाघेश्वर मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, राम-जानकी मंदिर, चण्डी मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, नृसिंह मंदिर, बरमदेव मंदिर, हनुमान मंदिर आदि। आरंग नगर को तालाबों की नगरी के नाम से भी जाना जाता है। यहाँ अनेकों तालाब हैं जिनमे रानी सागर तालाब, झलमला तालाबा, पचरी डकसेल तालाब, छोटे नकटी तालाब, महामाया तालाब, जलसेन तालाब मुख्य है। आरंग को छत्तीसगढ़ के लोक प्रिय प्रेम गीत के नायक और नायिका लोरिक तथा चांदनी या चंदा का घर के भी नाम से भी जाना जाता है।

आरंग-इतिहास एवं पुरातत्व की सातत्यता के सन्दर्भ में

-अतुल कुमार प्रधान

-डॉ.शिवाकान्त बाजपेयी

आरंग ($21^0 11'43''81^0 58'10''E$) महानदी के तट पर स्थित छत्तीसगढ़ के प्राचीन नगरों में परिगणित किया जाता है। अतीत के गौरवशाली पुरावशेषों को अपने आप में समाहित करने वाला यह नगर आज छोटे कस्बाई आकार-प्रकार में रायपुर जिले की तहसील है।

प्रदेश के प्राचीन गौरवशाली नगरों में आरंग का स्थान मुख्य रूप से लक्षित होती है। क्योंकि यही वह स्थल है जहाँ पर छत्तीसगढ़ के इतिहास एवं पुरातत्व के प्रामाणिक सन्दर्भ लगातार उपलब्ध होते हैं और ये प्रमाण उसकी इतिहास पुरातत्व सम्बन्धी सातत्यता को प्रमाणित करते हैं। इन प्रमाणों के सन्दर्भ में आभिलेखिक एवं कला स्थापत्य सम्बन्धी प्रमाणों की प्रचुरता है और यह अत्यन्त रोचक है कि छत्तीसगढ़ के राजनीतिक इतिहास के प्रारंभिक राजवंश राजर्षितुल्यकुल का अभिलेख तो आरंग से ज्ञात है ही, वहीं अंतिम परवर्ती कलचुरि राजवंश के शासक अमरसिंह देव का ताम्रपत्र भी आरंग से प्राप्त होता है।

जैन, बौद्ध एवं ब्राह्मण पुरावशेषों की प्राप्ति आरंग के और अध्ययन के प्रति आकर्षित करती है। अतः प्रस्तुत शोधपत्र के माध्यम से आरंग के इतिहास एवं पुरातत्व की सातत्यता का विवेचन ही प्रस्तुत शोध-पत्र का उद्देश्य है।

पौराणिक एवं ऐतिहासिक नगर आरंग

-ललित शर्मा

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से कलकत्ता-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर 30 किलोमीटर की दूरी पर महानदी के तट पर प्राचीन पौराणिक एवं ऐतिहासिक नगर आरंग स्थित है। कभी यहाँ राजा मोरध्वज का शासन था। इसका एक पुत्र ताम्रध्वज था जिसके आरे से चीरने का उल्लेख पौराणिक किवंदंतियों में मिलता है। इसी से इस नगरी का नाम आरंग पड़ा।

यह मंदिरों की नगरी है। यहाँ के प्रमुख मंदिरों में 11वीं-12वीं सदी में निर्मित भांडदेवल जैन मंदिर है। इसके गर्भगृह में तीन तीर्थंकरों की काले ग्रेनाईट से निर्मित प्रतिमाएं हैं। महामाया मंदिर में 24 तीर्थकरों प्रतिमाएं दर्शनीय हैं। बागदेवल, पंचमुखी हनुमान तथा दंतेश्वरी मंदिर यहां के उल्लेखनीय मंदिर हैं। नदी किनारे स्थित होने से जल के कटाव से पुरातात्विक सामग्रियाँ प्राप्त होते रहती हैं।

इस नगर को राजर्षि तुल्य कुल वंश की राजधानी होने के गौरव प्राप्त है। यहाँ प्राचीन मंदिर एवं बसाहट के अवशेष प्राप्त होते हैं। यहाँ से ताम्रपत्र प्राप्त हुआ है। उससे इस वंश के 6 शासकों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। इस वंश के अंतिम शासक भीमसेन द्वितीय ने यह ताम्रपत्र सुवर्ण नदी से जारी किया था। भीमसेन ने अपने माता-पिता की पूण्य स्मृति में भादो माह की अठारहवीं तिथि को हरि स्वामी और बोप्प स्वामी को भट्टापालिका नामक ग्राम दान में दिया था।
ताम्रपत्र के अनुसार इनकी वंशावली में शुरा, दयित प्रथम, विभिषण, भीमसेन प्रथम, दयित वर्मा द्वितीय, भीमसेन द्वितीय नाम उल्लेखित हैं। शुरा के वंशजों द्वारा गुप्त संवत का प्रयोग से अनुमान है कि वे गुप्तों के अधीन रहे होगें। राजर्षि तुल्यकुल वंश का काल 601 वीं से माना गया है। इस तरह छत्तीसगढ के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के नगरों में आरंग की गणना होती है। वर्तमान में इस नगर का आंशिक इतिहास प्रकाश में आया है। इस महत्वपूर्ण नगर के विषय में खोज एवं शोध की आवश्यकता है।

PHOTOGRAPHS OF RECENT EXCAVATIONS CONDUCTED BY THE DIRECTORATE OF CULTURE & ARCHAEOLOGY, RAIPUR

SIRPUR EXCAVATED SITE

General View of the Excavated Site, Sirpur, Distt. Mahasamund

Excavated Grainary, Sirpur, Distt. Mahasamund

MAHESHPUR EXCAVATED SITE

PACHRAHI EXCAVATED SITE



General View of The Excavated Site Pachrahi, Distt. Kabirdham

Exposed Royal Palace from excavation, Pachrahi, Distt. Kabirdham

MADKU DWIP EXCAVATED SITE

General View of the Excavated Site, Madku Dwip, Distt. Mungeli

Present View of the Temple of Madku Dwip (After Conservation), Distt. Mungeli

TARIGHAT EXCAVATED SITE

General View of the Excavation Site, Tarighat, Distt. Durg

Retrived Satavana Coins from Excavation, Tarighat, Distt. Durg

RAJIM EXCAVATED SITE

General View of the Excavation, Rajim Distt. Gariyaband

Retrived Stone Pillar from Excavation, Rajim Distt. Gariyaband

छत्तीसगढ़ के राज्य संरक्षित स्मारकों की सूची

क्र.	स्मारकों के नाम	स्थान	जिला
01.	कुलेश्वर मंदिर	नवागांव	धमतरी
02.	कर्णेश्वर महादेव मंदिर समूह	सिहावा	धमतरी
03.	शिव मंदिर	चन्दखुरी	रायपुर
04.	प्राचीन ईंट मंदिर	नवागांव	रायपुर
05.	शिव मंदिर	गिरौद	रायपुर
06.	सिद्धेश्वर मंदिर	पलारी	बलौदाबाजार-भाटापारा
07.	चितावरी देवी मंदिर	धोबनी	बलौदाबाजार-भाटापारा
08.	प्राचीन भग्न मंदिर	डमरू	बलौदाबाजार-भाटापारा
09.	मावली देवी मंदिर	तरपोंगा	बलौदाबाजार-भाटापारा
10.	फणिकेश्वरनाथ महादेव मंदिर	फिंगेश्वर	गरियाबंद
11.	आनंद प्रभु कुटी विहार	सिरपुर	महासमुंद
12.	स्वास्तिक विहार	सिरपुर	महासमुंद
13.	जगन्नाथ मंदिर	खल्लारी	महासमुंद
14.	नागदेव मंदिर	नगपुरा	दुर्ग
15.	शिव मंदिर	नगपुरा	दुर्ग
16.	विष्णु मंदिर	बानवरद	दुर्ग
17.	शिव मंदिर एवं चतुर्भुजी मंदिर	धमधा	दुर्ग
18.	बहादुर कलारिन की माची	चिरचारी	बालोद
19.	महापाषाणीय स्मारक	करहीभदर	बालोद
20.	महापाषाणीय स्मारक	धनोरा	बालोद
21.	महापाषाणीय स्मारक	कुलिया	बालोद
22.	महापाषाणीय स्मारक	मुजगहन	बालोद
23.	महापाषाणीय स्मारक	करकाभाट	बालोद

24.	मढियापाट (भग्न मंदिर)	डौण्डीलोहारा	बालोद
25.	प्राचीन मंदिर	डौण्डीलोहारा	बालोद
26.	कुकुरदेव मंदिर	खपरी	बालोद
27.	शिव मंदिर	पलारी	बालोद
28.	शिव मंदिर	जगन्नाथपुर	बालोद
29.	कपिलेश्वर मंदिर समूह	बालोद	बालोद
30.	बजरंगबली मंदिर	सहसपुर	बेमेतरा
31.	शिव मंदिर	सहसपुर	बेमेतरा
32.	घुंघुसराजा मंदिर	देवकर	बेमेतरा
33.	शिव मंदिर	बिरखा	राजनांदगांव
34.	भोरमदेव मंदिर	चौरा	कबीरधाम
35.	छेरकी महल	चौरा	कबीरधाम
36.	मण्डवा महल	चौरा	कबीरधाम
37.	महामाया मंदिर	रतनपुर	बिलासपुर
38.	प्राचीन शिव मंदिर	किरारीगोढ़ी	बिलासपुर
39.	देवरानी-जेठानी मंदिर	अमेरी कापा (ताला)	बिलासपुर
40.	शिव मंदिर	गनियारी	बिलासपुर
41.	धूमनाथ मंदिर	सरगांव	मुंगेली
42.	लक्ष्मणेश्वर मंदिर	खरौद	जांजगीर-चांपा
43.	शैलाश्रय	सिंघनपुर	रायगढ़
44.	कबीरपंथी सतगुरूओं की तीन मजार	कुदुरमाल	कोरबा
45.	गुड़ियारी मंदिर	केशरपाल	बस्तर
46.	शिव मंदिर	घुमरमुंडपारा	बस्तर
47.	शिव मंदिर	गुमड़पाल	बस्तर

48.	शिव मंदिर	छिंदगांव	बस्तर
49.	प्राचीन भग्न ईंटों के मंदिर	गढ़ धनोरा	कोण्डागांव
50.	बुद्ध चैत्य गृह	भोंगापाल	कोण्डागांव
51.	बत्तीसा मंदिर	बारसूर	दंतेवाड़ा
52.	शिव मंदिर	देवटिकरा	सरगुजा
53.	देउर मंदिर	महारानीपुर	सरगुजा
54.	देवी का मंदिर (छेरिका देउर)	देवटिकरा	सरगुजा
55.	सतमहला मंदिर समूह	कलचा-भदवाही	सरगुजा
56.	भग्न मंदिर (शाला भवन के पास)	डीपाडीह	बलरामपुर
57.	भग्न मंदिर (रानी तालाब के पास)	डीपाडीह	बलरामपुर
58.	शिव मंदिर	बेलसर	बलरामपुर

CENTRALLY PROTECTED

List of temples under the jurisdiction of Raipur Circle, Raipur

No.	Name of Monument	Locality	District	Period
01.	Chandraditya temple	Barsoor	Dantewada	c. 11th Cent. AD
02.	Mama Bhanja temple	Barsoor	Dantewada	c.13th Cent. AD
03.	Mahadev temple	Bastar	Bastar	c.12th Cent.AD
04.	Bhairam Deva temple	Bhairamgarh	Dantewada	c.13th -14th Cent.AD
05.	Danteswari temple	Dantewada	Dantewada	c. 11th -12th Cent.AD
06.	Narayan temple	Narayanpal	Bastar	c.12th -13th Cent.AD
07.	Karli Mahadev temple	Samloor	Dantewada	c.12th -13th Cent.AD
08.	Large Vaishnava temple	Janjgir	Janjgir Champa	c.9th -10th Cent.AD
09.	Small Vaishnava temple	Janjgir	Janjgir Champa	c.13th Cent.AD
10.	Brick temple of Savari	Kharod	Janjgir Champa	1181-82 Cent.AD
11.	Small Brick temple (Andaldeo temple)	Kharod	Janjgir Champa	7th Cent. AD
12.	Mahadev temple	Pali	Korba	c. 9th Cent.AD
13.	Pataleshwar Mahadev temple including all ancient remains of temples close by	Malhar	Bilaspur	c. 6th -7th Cent.AD
14.	Kanthi Deul	Ratanpur	Bilaspur	c. 15th -16th Cent. AD
15.	Half ruined temple of Kesava Narayan build of bricks	Sheorinarayana	Janjgir Champa	c. 9th Cent.AD
16.	Sheorinarayana temple together with ruined temple in the same compound	Sheorinarayana	Janjgir Champa	c. 9th -10th Cent.AD
17.	Ruined Siva temple	Adbhar	Janjgir Champa	c. 10th -11th Cent.AD
18.	Remains of a very ancient temple (Mahadev temple)	Tuman	Korba	c. 11th Cent. AD
19.	Temple	Belpan	Bilaspur	c. 16th Cent. AD
20.	Temple (Ruined)	Gatora	Bilaspur	18th -19th Cent. AD
21.	Ruined Siva temple	Deobaloda	Durg	c. 14th Cent. AD
22.	Sita Devi temple and Sati pillars	Deorbija	Durg	c. 12th Cent. AD

23.	Bhand deul	Arang	Raipur	c. 9th Cent. AD
24.	Mahadev temple including Math of Bairagi and Mandapa	Narayanpur	Raipur	c. 13th -14th Cent. AD
25.	Temple belonging to Mahantlal Das of Sheorinarayan dedicated to Surya	Narayanpur	Raipur	c. 9th Cent. AD
26.	Group of temples known as Rajiv Lochan	Rajim	Raipur	c. 8th -9th Cent. AD
27.	Temple of Ramachandra	Rajim	Raipur	c. 8th -9th Cent. AD
28.	Laxman temple and old sites close to temple	Sirpur	Mahasamund	c. 7th Cent. AD
29.	Old Siva temple	Gandai	Rajnandgaon	c. 10th -11th Cent. AD

CENTRALLY PROTECTED

List of Forts under the jurisdiction of Raipur Circle, Raipur

No.	Name of Monument	Locality	District	Period
1.	Malhar fort	Malhar	Bilaspur	2nd Cent. BC
2.	Whole site around Ratanpur/Ratanpur Fort	Ratanpur	Bilaspur	1149-50 Cent. AD
3.	Chaitturagarh fort	Lapha	Korba	Late Medieval
4.	Kotagarh fort	Near bargaon	Janjgir Champa	c.10th Cent. AD
5.	Kasigarh fort	Bewanbadi	Janjgir Champa	c.16th Cent. AD
6.	Kotmi fort	Kotmi	Janjgir Champa	c. 10th Cent. AD

डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

बृजमोहन अग्रवाल
मंत्री
संस्कृति एवं पर्यटन

''अतीत की गौरवशाली विरासत को अपने गर्भ में समाहित किए हुए 'आरंग' नगर छत्तीसगढ़ की गौरव–गाथा का अभिन्न हिस्सा है।''

General View of the Excavation, Rajim Distt. Gariyaband

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व
छत्तीसगढ़, रायपुर

टेली फैक्स: 0771–2234731, फोन: 0771–2537404, ई–मेल: deptt_culture@yahoo.co.in, deptt.culture@gmail.com,
वेब साइट: www.cgculture.in